रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 22] नई दिल्ली, शनिवार, जून 2—जून 8, 2012 (ज्येष्ठ 12, 1934)

No. 22] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 2—JUNE 8, 2012 (JYAISTHA 12, 1934)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.....	341
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.....	523
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.....	3
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.....	777
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.....	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.....	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.....	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है).....	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.....	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).....	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.....	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.....	977
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.....	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.....	4933
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.....	505
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.....	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	341
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	523
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	777
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the -Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	977
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	4933
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	505
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 मई 2012

सं. 43-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01.	डी. नरेन्द्र रेड्डी, रिजर्व निरीक्षक	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
02.	एन. मोहन रेड्डी, रिजर्व उप निरीक्षक	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
03.	ई. लोकेश, पुलिस कांस्टेबल	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
04.	के. चेल्ली बाबू, पुलिस कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	के. यादागिरि, हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 14.12.10 को आन्ध्र-उड़ीसा सीमावर्ती क्षेत्र में कार्रवाई करने को तैयार माओवादियों की पहली सी आर सी कम्पनी के एकत्र होने के बारे में पुलिस अधीक्षक विजाग (आर) और एस आई बी को विश्वस्त सूचना प्राप्त हुई। श्री डी. नरेन्द्र रेड्डी के नेतृत्व वाली एक टीम सहित ग्रेहाउन्डों की टीमों को अभियान में लगाया गया। भूभाग दूरस्थ गहन, अगम्य और घने वन क्षेत्रों वाला था।

दिनांक 17.12.10 को ग्रेहाउंडों की टीम ने पलेरू नदी पर अत्याधुनिक हथियारों के साथ ओलिव ग्रीन यूनीफॉर्म में 60 माओवादियों की एक सैम्य कम्पनी को देखा। नदी में आई अचानक बाढ़ के कारण यूनिट के केवल 9 सदस्य नदी पार कर सके। माओवादियों ने टीम को

नदी पार करते हुए देखा और हमला करने को तैयार हो गए। पुलिस पार्टी माओवादियों को गिरफ्तार करने अथवा मार गिराने के दृढ़ निश्चय से स्वयं को तीन-तीन सदस्यों वाली तीन टीमों में विभाजित करके रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी और माओवादियों को आत्मसमर्पण करने को कहा। नरेन्द्र रेड्डी प्रमुख फायरिंग दल का , मोहन रेड्डी दाहिने कटऑफ का और ए ए सी यादागिरि बाएँ कटऑफ का नेतृत्व कर रहे थे। माओवादियों ने एके-47, इन्सास और एल एम जी जैसे स्वचालित हथियारों से पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियों का सामना करते हुए डी. नरेन्द्र रेड्डी, एन मोहन रेड्डी तथा के यादागिरि ने अनुकरणीय प्रतिबद्धता के साथ अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व किया। गोलीबारी के दौरान मोहन रेड्डी के पेट के निचले भाग में गोली लगी। टीम लीडरों के साथ चेल्ली बाबू और लोकेश आगे बढ़े और आक्रमण जारी रखा जिसके परिणामस्वरूप(4) कट्टर माओवादी मारे गए और हथियार और अन्य वस्तुएँ बरामद की गईं । माओवादी कम्पनी के शेष सदस्य भारी गोलीबारी की आड़ लेकर भागने में सफल हो गए। बाद में पता चला कि माओवादियों की केंद्रीय कमिटी का एक सदस्य चलपती भी गोलीबारी में घायल हुआ था। माओवादियों से निम्नलिखित अस्त्र-शस्त्र/गोलाबारूद बरामद किए गए:-

इन्सास हथियार 01, .303 राइफल-01, मोटोरोला मैन पैक-3, एन वी जी-02, कैमरा-01, माइन्स-02, डी बी-01, ट्रांजिस्टर 01, मैन पैक बैटरियाँ -04, आई पैड 01, हथगोले-02 और साहित्य आदि।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री डी. नरेन्द्र रेड्डी, आर आई,एन. मोहन रेड्डी, आर एस आई, ई. लोकेश पी सी, के चेल्ली बाबू, पी सी और के, यादागिरि , हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.12.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 44-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. सत्यजीत नाथ, अपर पुलिस अधीक्षक

02. गोकुल चेत्री, कांस्टेबल

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

श्री सत्यजीत नाथ, ए पी एस, अपर पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) उडालगुडी असीम समर्पण और अदम्य उत्साह के अद्भुत मनोवैज्ञानिक अभियानों के साथ दिसम्बर 2009 से

उदालगिरि में अभियानगत कार्रवाई कर रहे थे। अपने अनुकरणीय कौशलों के कारण वे विश्वसनीय स्रोत जुटाने में सफल हुए और उनका आसूचना तंत्र भी उत्कृष्ट था।

दिनांक 16.03.2010 को 0315 बजे उदालगुड़ी पुलिस स्टेशन के तहत माजुली क्षेत्र में एन डी एफ बी (रंजन डायमरी समूह) उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने के आधार पर श्री नाथ ने उप निरीक्षक आर एन दास और 315 फील्ड रेजीमेंट (सेना) के मेजर संजीव हरियाल के साथ प्राप्त सूचना के आधार पर बहुत-सी घात लगाई गईं। लगभग 4.15 बजे अपर पुलिस अधीक्षक श्री नाथ ने लगभग 300-400 मीटर के फासले पर 2 बाइकों की गतिविधि को देखा। श्री नाथ ने जब उनसे रूकने को कहा तब उग्रवादियों ने श्री नाथ पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप एक गोली उनकी बुलेट-प्रूफ जैकेट में लग गई। इसकी चिंता किए बिना उन्होंने अपने पी एस ओ कांस्टेबल गोकुल चेत्री के साथ तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए उग्रवादियों पर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। श्री नाथ ने विपत्ति के क्षण में अद्भुत तरीके से अदम्य साहस और नेतृत्व का गुण प्रदर्शित किया और भीषण गोलीबारी में भी चिंतित हुए बिना और बल के कार्मिकों को एकजुट रखने में सफलता प्राप्त की और आगे होकर जवाबी कार्रवाई का नेतृत्व किया। जब गोलीबारी रूक गई तब घटनास्थल की गहन छानबीन की गई। दो उग्रवादी मारे गए और मारे गए उग्रवादियों के पास से 22 राउंडों वाली मैगजीन सहित एक एके 47 राइफल, 8 खाली खोखे और मैगजीन सहित एक 9 एम एम की पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस, एक चीनी हथगोला और अन्य आपराधिक दस्तावेजों सहित मोबाइल सिम कार्ड बरामद किए गए। दुर्गम भूभाग का फायदा उठाकर अन्य उग्रवादी भागने में सफल हो गए। बाद में एक उग्रवादी की पहचान एस एस लेफ्टीनेंट कोभाई उर्फ कुम्बा रोरो के रूप में की गई जो हथियारों के अवैध व्यापार और नए संवर्गों की भर्ती करने में लिप्त था।

एक बुद्धिमान और जिम्मेदार पुलिस अधीक्षक के रूप में श्री नाथ ने स्वयं एन डी एफ बी (आर डी एफ) के उग्रवादियों की गतिविधियों के संबंध में आसूचना एकत्र की। उन्होंने आगे होकर अभियान का स्वयं नेतृत्व करते हुए दुर्लभतम साहसिक कार्य और उच्च स्तर की जिम्मेदारी का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सत्यजीत नाथ, अपर पुलिस अधीक्षक और गोकुल चेत्री कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 16/03/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 45-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	अंकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02.	अभिषेक पाठक, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	आलोक तिवारी, कम्पनी कमांडर	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	जेम्स एक्का, कम्पनी कमांडर	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सितम्बर 2010 के प्रथम सप्ताह में श्री अंकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक, महासमुंद को महासमुंद के सीमावर्ती जिले में नक्सलियों की एक मिलिटरी कम्पनी की गतिविधि के बारे में आसूचनागत जानकारी प्राप्त हुई। आसूचना के महत्व पर विचार करते हुए श्री गर्ग ने श्री अभिषेक पाठक, पुलिस अधीक्षक, विशेष कार्य बल के साथ नक्सलियों को घेरने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई और नक्सली गतिविधि का पता लगाया।

दिनांक 09.10.2010 को श्री गर्ग को पाडकिपानी गाँव के वन्य क्षेत्र और लेडगीडीपा, पुलिस स्टेशन संकारा में 65-70 नक्सलियों की उपस्थिति के बारे में आगे और आसूचनागत जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, विशेष कार्य बल श्री अभिषेक पाठक के साथ मामले पर विचार विमर्श किया और उपलब्ध बल को जुटाया और बल को दो भागों में विभाजित किया गया जिसमें एक का नेतृत्व श्री गर्ग और श्री जेम्स एक्का कम्पनी कमांडर ने और दूसरे का नेतृत्व श्री पाठक और श्री आलोक तिवारी कम्पनी कमांडर ने किया और सैन्यदलों को योजनानुसार अति सावधानी से ब्रीफ किया। पहली पार्टी पाडकिपानी गाँव की ओर और दूसरी पार्टी लेडगीडीपा गाँव की ओर बढ़ गई।

घटनास्थल पर पहुँचने के पश्चात् और योजनानुसार, पार्टियों ने संदिग्ध जंगल क्षेत्र को घेर लिया और इसकी गहन छानबीन शुरू कर दी। इसी बीच, नक्सलियों ने पुलिस-पार्टी को देख लिया और पुलिस पार्टी पर तेजी से गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने नक्सलियों की तत्काल पहचान कर ली और पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग और जेम्स एक्का ने आगे से पुलिस पार्टी का नेतृत्व किया और नक्सलियों पर प्रभावकारी रूप से गोलीबारी करते हुए और रणनीतिपूर्वक आगे

बढ़ते हुए नक्सलियों पर हमला कर दिया। किन्तु छोटी पहाड़ियों की चोटी से नक्सलियों द्वारा की जारी भारी गोलीबारी ने पुलिस पार्टी को गम्भीर संकट में डाल दिया। उस क्षण श्री गर्ग ने रेंगकर आगे बढ़ते हुए और नक्सलियों का सामना करते हुए अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। दूसरी ओर से श्री एक्का ने बहादुरीपूर्वक आक्रमण कर दिया। दोनों अधिकारियों ने नक्सलियों को घेर लिया और गोलीबारी में कुछ नक्सलियों को मार गिराया। यह गोलीबारी 1 घण्टे बाद रूकी और तब पुलिस पार्टी ने उस क्षेत्र की छानबीन की और घटनास्थल से गोलाबारूद और बारूदी सुरंगों सहित 03 सशस्त्र नक्सलियों के शव, एक 303 राइफल, एक 410 कस्केट और दो 12 बोर की बंदूकें बरामद कीं।

श्री पाठक के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने गाँव के निकट नक्सलियों को बीच में रोकने का प्रयास किया। श्री पाठक ने अपनी पार्टी को रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ा दिया और नक्सलियों द्वारा भारी गोलीबारी से उन्हें पुन: चुनौती दी गई। श्री पाठक और श्री आलोक तिवारी ने गोलीबारी के बीच साहस का प्रदर्शन किया और अपनी टीम का प्रभावकारी ढंग से नेतृत्व किया और नक्सलियों को गोलीबारी में उलझाए रखा। गोलीबारी रूकने के बाद पुलिस पार्टी ने उस क्षेत्र की तलाशी ली और घटनास्थल से नक्सलियों के चार शव बरामद किए। पुलिस ने घटनास्थल से एक एस एल आर, 315 बोर की एक बंदूक, 12 बोर की एक बंदूक, एक 410 मस्केट, हथगोले, गोलाबारूद आदि भी जब्त किए।

पुलिस की इस शौर्यपूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप घातक हथियारों से लैस नक्सलियों का खात्मा संभव हुआ और एक एस एल आर, एक 303 राइफल, दो 410 मस्केट, तीन 12 बोर की बंदूकें, एक 315 बोर की बंदूक, हथगोले, बारूदी सुरंग, गोलाबारूद और नक्सलियों का अन्य व्यक्तिगत सामान बरामद किया जा सका। मारे गए सात नक्सलियों की पहचान प्रतिबंधित सी पी आई (माओवादी) नक्सली गुट की दण्डकारण्य विशेष जोनल समिति की 10वीं कम्पनी के सदस्यों के रूप में की गई। इस मुठभेड़ ने महासमुंद जिले के नक्सली प्रभाव के विस्तार को भारी झटका दिया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अंकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक, अभिषेक पाठक, पुलिस अधीक्षक, आलोक तिवारी, कम्पनी कमांडर और जेम्स एक्का, कम्पनी कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 09.10.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 46-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री महल सिंह,
सहायक उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन, महेश नगर, जिला अम्बाला में तैनाती के समय दिनांक 29.11.2009 को सहायक उप निरीक्षक को टंगरी नदी के निकट चार संदिग्ध युवा लड़कों की उपस्थिति के संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई। सूचना की प्राप्ति पर ए एस आई महाल सिंह ने संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए तत्काल एक पुलिस पार्टी गठित की। ए एस आई महल सिंह पुलिस पार्टी के साथ घटनास्थल पर पहुँच गए और संदिग्ध लड़कों को घेरने का प्रयास किया, किंतु उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलियाँ चला दीं। एक गोली ए एस आई महल सिंह को लग गई, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गम्भीर चोटें लगीं, लेकिन उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए उन संदिग्ध लड़कों का पीछा करना जारी रखा और अपने साथियों को मदद भी पहुँचाते रहे। अंतत: पुलिस पार्टी मुकेश, हरिंदर गिल उर्फ मिंटू, राकेश कुमार उर्फ राजू और दीपक कुमार, दीपू उर्फ बबली को गिरफ्तार करने में सफल हुई और घटनास्थल से .315 बोर की एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बाद में उनकी सूचना पर शारनपुर से दो देशी पिस्तौलें और पाँच जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। दिनांक 30.11.2009 को पुलिस स्टेशन महेश नगर में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 332/353/186/307/34 और आयुध अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत एफ आई आर संख्या 227 दर्ज की गई।

यह स्पष्ट है कि ए एस आई महल सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए विभिन्न अपराधों में लिप्त खतरनाक अपराधियों को पकड़ने में अतिविशिष्ट साहस का प्रदर्शन किया और अपनी टीम के सदस्यों की जान बचाने में भी सहायता की।

इस मुठभेड़ में श्री महल सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 29/11/2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 47-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुरेश कुमार,
कांस्टेबल (मरणोपरांत)

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 379 के तहत दिनांक 16/04/2010 के केस एफ आई आर संख्या 58 की जाँच के दौरान, निरीक्षक मुकेश कुमार, एस एच ओ, पुलिस स्टेशन, कालका को दिनांक 24.08.2010 को विश्वस्त सूत्रों से एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त (1) अमित उर्फ मोनू पुत्र रत्तन सिंह निवासी ग्राम सलवा, पुलिस स्टेशन, सरधना, जिला मेरठ (उत्तर प्रदेश), (2) तेज सिंह उर्फ तेजा पुत्र मणि सिंह निवासी ग्राम खादियान पुलिस स्टेशन परमानू, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) एक चोरी की मोटर साइकिल पर पंचकुला में यावनिका पार्क के पास, सेक्टर 5, पंचकुला में घूम रहे हैं। सूचना प्राप्त होने के बाद, नियंत्रण कक्ष, पंचकुला ने शीघ्र कार्रवाई की और सभी पुलिस स्टेशनों/पुलिस चौकियों/नाकाओं/पीसीआर वैनों और राइडर्स को अपराधियों को पकड़ने के लिए सावधान कर दिया। कांस्टेबल सुरेश कुमार के साथ निरीक्षक मुकेश कुमार, एस एच ओ, कालका के नेतृत्व में पुलिस पार्टी घटनास्थल पर पहुँच गई और अभियुक्त को यावनिका पार्क के निकट पंचकुला में देखा। पुलिस पार्टी को देखकर, दोनों अभियुक्तों ने चुराई गई मोटर साइकिल पर भागने का प्रयास किया। कांस्टेबल सुरेश कुमार ने तत्काल कार्रवाई की और वे अभियुक्त को पकड़ने में सफल हो गए और अमित उर्फ मोनू नामक एक अभियुक्त ने बचकर भागने का प्रयास किया किंतु कांस्टेबल सुरेश कुमार ने उसे भागने नहीं दिया। इस पर, अभियुक्त अमित उर्फ मोनू ने कांस्टेबल सुरेश कुमार पर हमला कर दिया जो उनके सीने के बाईं ओर चाकू लगने के कारण वे जमीन पर गिर गए। कांस्टेबल सुरेश कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहाँ उन्हें ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। तत्पश्चात् अमित उर्फ मोनू नामक एक अभियुक्त को घटनास्थल पर गिरफ्तार कर लिया गया और दूसरे अभियुक्त तेज सिंह उर्फ तेजा को दिनांक 24.08.2010 को बस स्टैण्ड, पिंजोर, जिला पंचकुला से गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकार कांस्टेबल सुरेश कुमार ने अपराधी को पकड़ने और अपनी जान की अंतिम सांस तक अपराधी से लड़ते हुए शौर्यपूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया। इस संबंध में उपर्युक्त कथित अभियुक्त के खिलाफ पुलिस स्टेशन, सेक्टर-5 पंचकुला में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302/307/332/253/186/411/34 के तहत दिनांक 24/08/2010 को मामले की एफ आई आर संख्या 281 दर्ज की गई है। कांस्टेबल सुरेश कुमार ने अभियुक्त को पकड़ने के प्रयोजन से लोक हित में अपना बहुमूल्य जीवन बलिदान कर दिया। इस अधिकारी ने सरकारी ड्यूटी के प्रति असीम समर्पण और ईमानदारी प्रदर्शित की और सामान्य जन की सेवा करने के लिए अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री सुरेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 24/08/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 48-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. गुरदीप सिंह,
    उप निरीक्षक
02. अब्दुल जब्बार,
    एसजी. कांस्टेबल

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

हैदर मोहल्ला खोजाबाग बारामूला में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में दिनांक 22.4.2008 को प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए उक्त गाँव में आर्मी 46 आर आर के सैन्यदलों की सहायता से बारामूला पुलिस द्वारा घेराबंदी और तलाशी अभियान की योजना बनाई गई और अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस पार्टी मुश्ताक अहमद फाफू के मकान में छिपे आतंकवादियों की भारी गोलीबारी का निशाना बन गई। पुलिस पार्टी ने आस-पास के मकानों/ पेड़ों की आड़ लेकर जवाबी गोलीबारी की। आसपास के मकानों में फँसे सिविलियनों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य उप निरीक्षक गुरदीप सिंह और एस जी सी टी मोहम्मद हुसैन और एस जी सी टी अब्दुल जब्बार से गठित एक पुलिस पार्टी द्वारा किया गया जिन्होंने स्वयं इस कार्य को स्वेच्छापूर्वक हाथ में लिया था। भारी गोलीबारी के बावजूद, टीम आसपास के मकानों से लोगों को सुरक्षित निकालने में सफल हुई, यद्यपि आतंकवादी लगातार अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। तत्पश्चात् अभियान पार्टी ने रणनीतिपूर्वक नियंत्रित गोलीबारी जारी रखी और उनके निकट पहुँचने में साहस और पेशेवरता का प्रदर्शन किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादियों का पीछा किया और उन्हें घटनास्थल पर मार गिराया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान तनवीर अहमद जरगार उर्फ तान खान पुत्र गुलाम मुस्तफा जरगार निवासी बाग-ए-इस्लाम बारामूला एच एम आतंकवादी गुट के सेल्फ स्टाइल्ड जिला कमांडर और एच एम गुट के इम्तियाज अहमद खान उर्फ आन खान पुत्र अब्दुल राशिद खान निवासी जामिया

मोहल्ला बारामूला के रुप में की गई जो लम्बे समय से इस क्षेत्र में सक्रिय थे और उनका मारा जाना पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि ये आतंकवादी कई आपराधिक मामलों में वांछित थे। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार, गोलाबारूद और अन्य वस्तुएं भी बरामद की गईं:-

i) एके 47 राइफल-01
ii) एके 47 मैगजीन-06
iii) एके आयुध-13 राउंड
iv) राइफल काला काओफ-01
v) सैटेलाइट फोन-01
vi) पाउच -02

इस मुठभेड़ में सर्वश्री गुरदीप सिंह, उप निरीक्षक और अब्दुल जब्बार एस जी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 22/04/2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं.49-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/ वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01.	मोहम्मद अरशद पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
02	राजेश कुमार निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03.	ओमेश ठाकुर उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	बिक्रम कुमार एस जी. कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06 जनवरी, 2010 को लगभग 1400 बजे, दो आतंकवादियों ने एस एच ओ माइसुमा उप निरीक्षक जहूर अहमद और उनकी पुलिस पार्टी पर उस समय हमला कर दिया जब वे शहर में आतंकी हमले की विशेष जानकारी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर लाल चौक क्षेत्र में जामा तलाशी और जाँच-पड़ताल संबंधी ड्यूटी कर रहे थे जिसमें उनके ड्राइवर फालोवर मोहम्मद यूसुफ, जिसने हमले का बहादुरी से सामना किया और जिनकी घायल होने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई और साथ ही सी आर पी एफ के कांस्टेबल और सिविलियनों को गंभीर चोटें आईं।

इस पर माइसुमा पुलिस स्टेशन के एस एच ओ ने अपने बी पी वाहन में शरण ली और उन्हें जवाबी कार्रवाई करते हुए चुनौती दी। गोलीबारी से बचने के लिए आतंकवादी पास ही में पंजाब होटल, लाल चौक में घुस गए और अंधाधुंध गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया और इसके बाद उनकी पार्टी और सी आर पी एफ की 132वीं बटालियन की लाल चौक कमांड पोस्ट पर हथगोले फेंके। इस हमले के कारण एस एच ओ माइसुमा का बी पी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एस एच ओ माइसुमा ने अपने अधिकार क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक (एस पी सिटी ईस्ट श्रीनगर) को बचाव कार्य तथा और अधिक बल भेजने के लिए तत्काल कहा। बचाव के लिए एस एच ओ माइसुमा की कॉल सुनते ही, पुलिस अधीक्षक सिटी ईस्ट श्रीनगर श्री विधि कुमार बिरडी, आई पी एस एक छोटी पुलिस पार्टी के साथ तत्काल घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और पुलिस पार्टी के साथ स्वयं रणनीतिपूर्वक पंजाब होटल के निकट पोजीशन ले ली जहाँ आतंकवादी छिपे थे। पुलिस अधीक्षक सिटी ईस्ट और उनकी पुलिस पार्टी पर आतंकवादियों ने गोलियाँ चला दीं जिसमें वे बाल-बाल बच गए। एस पी ईस्ट और उनकी पार्टी ने अपनी जान की परवाह किए बिना आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी कर दी और क्षतिग्रस्त वाहन से एस एच ओ माइसुमा को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए निकट के ही मोबाइल बी पी बंकर का उपयोग किया।

पुलिस अधीक्षक सिटी ईस्ट ने आतंकवादियों के हमले का जवाब देने के लिए और अधिक बल भेजने और माइसुमा में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एस एस पी श्रीनगर से अनुरोध किया। इसी बीच पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर, श्री फारूक अहमद, आई पी एस अतिरिक्त बल के साथ घटनास्थल पर पहुँच गए। चूँकि वह क्षेत्र कई होटलों, कार्यालयों, संस्थानों और व्यावसायिक संकुलों (कॉम्प्लेक्सों) वाला था और आसपास की इमारतों में कई आदमी, महिलाएँ और बच्चे फँसे हुए थे, अत: उन्होंने आसपास की इमारतों में फँसे सिविलियनों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए आदेश दे दिए। चूंकि बहुत अधिक संख्या में सिविलियनों को सुरक्षित बाहर निकालना था इसलिए इन अधिकारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना इमारतों में फँसे सिविलियनों को स्वयं सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस की सहायता से इन सिविलियनों को बचाते समय उन पर उग्रवादियों ने गोलियाँ चलाईं, तथापि वे बाल-बाल बच गए। उप महानिरीक्षक सी

के आर और एसएसपी श्रीनगर ने एसपी सिटी ईस्ट को घेराबंदी को सुदृढ़ करने और पंजाब होटल के आस-पास के क्षेत्र में रोशनी की व्यवस्था करने का निदेश दिया। तदनुसार, एस पी ईस्ट ने एस एच ओ माइसुमा के साथ पंजाब होटल के चारों ओर की गई घेराबंदी को हटा लिया और कंसर्टिना वायर से गलियों एवं उप-गलियों को अवरूद्ध कर दिया और पंजाब होटल के चारों ओर रणनीतिपर्वूक बाधाएँ लगा दीं जबकि आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी जारी थी। उन्होंने पंजाब होटल के प्रमुख द्वार के ठीक सामने की उप-गली (बाई लेन) के अंत में जनरेटर चालित हेलोजन लाइट लगाकर होटल पंजाब के मुख्य द्वार पर तेज रोशनी कर दी ताकि अंधेरे का लाभ उठाकर आतंकवादी सुरक्षित बचकर भाग निकलने में सफल न हो सकें और इसके लिए सी आर पी एफ की 29 बटालियन/132 बटालियन के साथ चारों ओर घेराबंदी कर दी।

चूंकि अंतिम अभियान उचित स्थान से चलाया जाना था, इसलिए पुलिस अधीक्षक, साउथ श्री मोहम्मद इरशाद और उप महानिरीक्षक (अभियान) सी आर पी एफ साउथ कश्मीर, श्री नलिन प्रभात, आई पी एस ने पुलिस पार्टी/180 बटालियन, सी आर पी एफ के साथ स्वयं उपस्थित होकर पंजाब होटल के आगे वाले भवन को खाली करा दिया और उस पर कब्जा कर लिया। लगभग 1800 बजे डायमंड होटल को साफ कर दिया गया और कमांड पोस्ट-कम-लॉन्चिंग बेस की स्थापना कर दी गई। चूंकि अँधेरा हो रहा था और सिविलियनों को बाहर निकालने का कार्य जारी था, अत: सिविलियनों को हताहत होने से बचाने के लिए अंतिम आक्रमण को रोक दिया गया। पूरी रात लाल चौक क्षेत्र की घेराबंदी रखी गई और पुलिस/ सी आर पी एफ और आतंकवादियों के बीच छिटपुट गोलीबारी चलती रही। पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर और पुलिस महानिरीक्षक सी आर पी एफ ने घटनास्थल से सम्पूर्ण अभियान का पर्यवेक्षण जारी रखा। 07 जनवरी, 2010 की सुबह लगभग 0800 बजे होटल डायमंड की चौथी मंजिल के एक कमरे से अंतिम अभियान शुरू किया गया। जम्मू एवं कश्मीर पुलिस और सी आर पी एफ की एक असॉल्ट टीम गठित की गई जिसमें निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक ओमेश ठाकुर, जम्मू और कश्मीर पुलिस के एस जी कांस्टेबल विक्रम कुमार शामिल थे। जब छिपे हुए आतंकवादियों के विरूद्ध अंतिम आक्रमण जारी था, तब पुलिस महानिदेशक जम्मू और कश्मीर श्री कुलदीप खोडा, आई पी एस आ पहुँचे और होटल डायमंड में स्थापित कमांड पोस्ट से अभियान की मॉनीटरिंग की। आक्रमण दल (असॉल्ट टीम) ने होटल पंजाब की तरफ से आतंकवादियों द्वारा चलाई जा रही गोलियों से भयभीत हुए बिना होटल डायमंड और होटल पंजाब के बीच 30 फुट की दूरी तय कर "श्रीनगर न्यूज" कार्यालय भवन के स्लोप वाले सी जी आई रुफ टॉप और कोरुगेटेड सी जी आई शीटों की फिसलन भरी छत से चौथी मंजिल की ऊँचाई से गिरने से भयभीत हुए बिना गोलीबारी का सामना किया।

असॉल्ट टीम ने होटल पंजाब की साइड की दीवारों को तोड़ दिया और आतंकवादियों को एक मंजिल नीचे धकेलकर ऊपरी मंजिल पर कब्जा कर लिया। अंतरावरोध के दौरान 180 सी आर पी एफ के कांस्टेबल सदानंदन के पाँव में गोली लग गई। अपनी जान को गंभीर खतरे की

ओर ध्यान न देते हुए असॉल्ट टीम के सैनिक होटल पंजाब की तीसरी मंजिल पर व्यवस्थित ढंग से एकत्र हो गए। आतंकवादियों ने असॉल्ट टीम का अशंक्य साहस एवं मनोबल महसूस करते हुए हताश होकर पंजाब होटल के पिछले भाग में आग लगा दी। उठते धुएँ ने असॉल्ट टीम को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। जब असॉल्ट टीम "श्रीनगर न्यूज" कार्यालय भवन की ऊपरी मंजिल की छत पर पहुँचने का प्रयास कर रही थी, तब आतंकवादियों ने बचने के प्रयास में सी जी आई शीटें लगाकर होटल पंजाब के पिछली तरफ "जैकेट" स्ट्रीट की रुफिंग से होटल पंजाब के पिछली तरफ 10 फुट की गहराई में कूद गए। फिसलन भरी छत की परवाह न करते हुए असॉल्ट टीम ने आतंकवादियों को उलझाए रखा और सफलतापूर्वक उनका खात्मा कर दिया। होटल पंजाब का लकड़ी से बना फर्श और प्लाई बोर्ड से बनी दीवारों ने असॉल्ट टीम को भारी परेशानी में डाला लेकिन लोगों के कम से कम हताहत होने के साथ साथ संपार्श्विक क्षति भी कम होने से अभियान में सफलता प्राप्त हुई। आतंकवादियों द्वारा लगाई गई आग और तेज हो गई और होटल पंजाब की पूरी बिल्डिंग में फैल गई और इस बात की पूरी संभावना थी कि यह आग होटल पंजाब से सटी सभी इमारतों में फैल जाएगी। लेकिन जम्मू और कश्मीर की अग्निशमन सेवा के दमकलों के समय पर कार्रवाई करने और श्री आर टी दुबे की कमांड के तहत आपातिक सेवाओं ने भवन में बिना फटे हथगोलों के फटने के खतरों की ओर ध्यान न देते हुए आग बुझाई और होने वाली भारी संपार्श्विक क्षति से बचाया। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया:-

i) एके 47 राइफल-01
ii) एके 57 राइफल-01
iii) यू बी जी एल (थ्रोअर)-01
iv) एके मैगजीन-10 (05 क्षतिग्रस्त)
v) एके गोलाबारूद-162 राउंड
vi) पाउच-02 (क्षतिग्रस्त)
vii) हथगोले (चीनी)-01

इस मुठभेड़ में सर्वश्री मोहम्मद अरशद, पुलिस अधीक्षक, राजेश कुमार, निरीक्षक, ओमेश ठाकुर, उप निरीक्षक और बिक्रम कुमार, एसजी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 07/01/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं.50-प्रेज/2012- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जुबैर अहमद खान,
पुलिस अधीक्षक

02. मोहम्मद मुर्तजा,
सहायक उप निरीक्षक

03. जाविद अहमद,
एसजी, कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.05.2010 को बारामूला पुलिस को लालाड सोपोर गाँव, जिला बारामूला में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, श्री जुबैर अहमद खान, के पी एस, एस पी (अभियान) बारामूला ने निरीक्षक मोहम्मद मंजूर, सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद मुर्तजा और एसजी सीटी जाविद अहमद तथा आर्मी 52 आर आर, 53 बटालियन सी आर पी एफ, 129 बटालियन सी आर पी एफ और 179 बटालियन सी आर पी एफ सहित बारामूला जिले के पुलिस कार्मिकों सहित एक अभियान की योजना बनाई। लक्ष्य गाँव पहुँचने के पश्चात् उस स्थान की सुबह-सुबह घेराबंदी कर ली गई और श्री जुबैर अहमद खान, के पी एस, एस पी (अभियान) बारामूला, निरीक्षक मोहम्मद मंजूर सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद मुर्तजा और जिला पुलिस बारामूला के सार्जेंट जाविद अहमद के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी संदिग्ध मकान की ओर बढ़ गई।

मकान की पहचान करने के पश्चात श्री जुबैर अहमद खान (अभियान) बारामूला ने मकान के चारों ओर पुलिस पार्टी को रणनीतिपूर्वक तैनात कर दिया और मकान के करीब बढ़ गए। तथापि, लक्ष्य मकान में छिपे आतंकवादियों ने पुलिस/सुरक्षा कार्मिकों की उपस्थिति को भाँप लिया और मकान से बचकर भागने के प्रयोजन से पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें श्री जुबैर अहमद खान, के पी एस, एस पी (अभियान) बारामूला, निरीक्षक मोहम्मद मंजूर और सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद मुर्तजा और सार्जेंट कांस्टेबल जाविद अहमद बाल-बाल बच गए क्योंकि उन्होंने तुरंत पोजीशन ले ली थी और भागते हुए आतंकवादियों पर जवाबी कार्रवाई कर दी थी। श्री जुबैद अहमद खान के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने असाधारण सूझबूझ और साहस का परिचय दिया और अपनी जान की परवाह किए बिना पुलिस पार्टी के साथ आतंकवादियों का पीछा किया और इसका परिणाम यह हुआ कि वे दोनों आतंकवादी बचकर

भाग नहीं सके। आपसी गोलीबारी में दोनों आतंकवादी मारे गए और बाद में उनकी पहचान जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी गुट के दाऊद उर्फ राशिद उर्फ यासिर निवासी पाक और माव्या उर्फ वसीम उर्फ कलीम उर्फ नवीदुल्लाह निवासी पाक के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए हथियार/गोलाबारूद में 1 एके 47 राइफल, 4 मैगजीनों सहित 1 एके 56 राइफल, 70 एके राउंड, 2 हथगोले और 2 पाउच शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस स्टेशन सोपोर में आयुध अधिनियम की धारा 7/25, 212 आर पी सी के तहत इस मामले की एफ आई आर संख्या 238/2010 दर्ज है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री जुबैर अहमद खान, पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद मुर्तजा, सहायक उप निरीक्षक और जाविद अहमद एसजी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 31.05.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं.51-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री ऐजाज अहमद भट्ट,
अपर पुलिस अधीक्षक

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 14.10.2008 को खोडी सुरीगाम, लोला में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशेष सूचना प्राप्त होने पर 28 आर आर के सैन्यदलों की सहायता से एस ओ जी कुपवाड़ा द्वारा एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई। श्री ऐजाज अहमद भट्ट, अपर पुलिस अधीक्षक, कुपवाड़ा के पर्यवेक्षण में एक संयुक्त अभियान पार्टी (दल) ने लक्ष्य स्थल के आसपास घेराबंदी कर ली, जिसके दौरान आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की। श्री ऐजाज अहमद भट्ट, जिन्हें उग्रवाद-रोधी संबंधी अभियानों का अच्छा अनुभव था, इस अभियान के दौरान दृढ़ रहे। उन्होंने अपने कार्मिकों को इस प्रकार तैनात किया कि आतंकवादियों को घटनास्थल से बचकर भागने का कोई मौका नहीं मिला। एक ओर जहाँ उनके कार्मिकों ने उस आतंकवादी को उलझाए रखा, वहीं दूसरी ओर श्री एजाज अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उस आतंकवादी की ओर बढ़ते रहे और उसके बहुत करीब पहुँच गए। उक्त आतंकवादी ने यह भाँपकर

श्री ऐजाज पर गोली चला दी, तथापि अधिकारी ने अपना संतुलन बनाए रखा और उच्च स्तर की पेशवरता का प्रदर्शन करते हुए हमले का जवाब दिया जिसके परिणाम स्वरूप एक विदेशी आतंकवादी की मौत हुई जिसकी पहचान बाद में एल-ई-टी गुट के बिलाल अहमद निवासी पी ओ के के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए। इस संबंध में पुलिस स्टेशन सोगान में आर पी सी की धारा 307 और आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत इस मामले की एफ आई आर संख्या 48/2008 दर्ज है।

श्री ऐजाज अहमद भट्ट, तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक, कुपवाड़ा ने बुद्धिमत्तापूर्वक अभियान की योजना बनाई और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए आगे होकर नेतृत्व करते हुए अभियान को पूरा किया और ड्यूटी के प्रति सर्वोच्च समर्पण और निष्ठा के साथ निर्भीक एवं साहसिक कार्रवाई करते हुए विरल और दुर्लभ साहस का प्रदर्शन दिया।

इस मुठभेड़ में श्री ऐजाज अहमद भट्ट, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 14.10.2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं.52-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

01. इम्तियाज अहमद,
    उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02. गुलाम हसन,
    कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 09/10-06-2009 की मध्यरात्रि को जहूर अहमद गनी पुत्र मोहम्मद शबन गनी निवासी गंगरपोरा के मकान में आतंकवादियों की उपस्थित के बारे में विशेष सूचना प्राप्त होने पर उक्त गाँव को लगभग 2000 बजे सोपोर पुलिस द्वारा घेर लिया गया। गाँव पहुँचने के बाद उप निरीक्षक इम्तियाज अहमद की कमान के अधीन अभियान पार्टी ने लक्ष्य मकान को घेर लिया। पुलिस कार्मिकों की उपस्थित को भाँपकर, मकान में छिपे आतंकवादियों ने बचकर भागने के प्रयोजन से घेराबंदी को तोड़ने के कई प्रयास किए। तथापि, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और

आतंकवादियों के बचकर भाग निकलने के रास्तों की घेराबंदी और कड़ी कर दी। इसी बीच, अभियान से जोड़ने के लिए सेना और सी आर पी एफ को भी बुला लिया गया और आर्मी 22 आर आर, 177 बटालियन और 179 बटालियन सी आर पी एफ के सैन्यदलों की तैनाती करके घेराबंदी को और कड़ा कर दिया गया। सुबह शीघ्र ही तलाशी अभियान चलाया गया जिसके दौरान घिरे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर भारी गोलीबारी कर दी। लक्ष्य/ निकट के मकानों में फँसे सिविलियनों को सुरक्षित बचाने के लिए गुलाम हसन सहित उप निरीक्षक इम्तियाज अहमद के नेतृत्व वाली टीम ने सावधानी और सजगता बरतते हुए अपनी जान को भारी जोखिम में डालते हुए लक्ष्य मकान और असपास के मकानों से फँसे सिविलियनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि सिविलियनों को बचाने की कार्रवाई करने की प्रक्रिया के दौरान आतंकवादी अंधाधुंध गोलियाँ चला रहे थे। तत्पश्चात् इम्तियाज अहमद, उप निरीक्षक एवं गुलाम हसन, कांस्टेबल ने उच्च स्तर की पेशेवरता का प्रदर्शन किया और लक्ष्य मकान के बहुत करीब पहुँच गए और दो आतंकवादियों को मारने में सफल हुए जिनकी पहचान बाद में, एच यू एम के शेर उर्फ कारी निवासी पाकिस्तान और मुमताज अहमद पारी पुत्र अली मोहम्मद पारी निवासी पेठ सीर सोपोर के रूप में की गई।

मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए हथियार/गोलाबारूद में 04 एके 47 मैगजीनों सहित 02 एके-47 राइफल, 23 एके राउंड और एक पॉकेट डायरी शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस स्टेशन सोपोर में आर पी सी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत इस मामले की एफ आई आर संख्या 206/2009 दर्ज है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री इम्तियाज अहमद, उप निरीक्षक और गुलाम हसन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 10/06/2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं.53-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री इफरोज अहमद मीर,
उप पुलिस अधीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06 अक्तूबर, 2009 को लगभग 1600 बजे श्री इफरोज अहमद मीर उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) हन्दवारा को सतकोजी झचलदारा गांव में शीर्ष आतंकवादी कमाण्डरों की मौजूदगी के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। अधिकारी ने उक्त आसूचना पर तत्काल कार्रवाई की और एस ओ जी हन्दवारा के पुलिस कार्मिकों की एक छोटी टुकडी की सहायता से आपरेशन आरम्भ किया जिसकी मदद 01 अर्ध सैनिक यूनिट ने भी की। आपरेशन टीम शाम के समय उक्त गांव पहुँची और आतंकवादियों के चारों ओर घेरा डालने के लिए लक्ष्य स्थल की ओर बढ़ने लगी किन्तु क्षेत्र में अंधेरा और नागरिकों के मौजूद होने की वजह से कोई भी अगली कार्रवाई नहीं की गई। दिनांक 07 अक्तूबर, 2009 के तड़के सुबह वे अभियान दल कार्मिक लक्ष्य क्षेत्र के बिल्कुल नजदीक पहुंच गए और सर्वप्रथम उप पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्मिकों के साथ मिलकर नागरिकों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का कार्य शुरू किया। हालांकि, इस कार्रवाई के चलते आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी किन्तु उप पुलिस अधीक्षक ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए साहस के साथ कार्य किया और नागरिकों के बचाव कार्य को निर्बाध रूप से जारी रखा। उप पुलिस अधीक्षक और उनके कार्मिकों द्वारा बचाव कार्य को पूरा कर लेने के पश्चात, उन्होंने आतंकवादियों के आत्मसमर्पण करने के लिए कहा जिससे उन्होंने इन्कार कर दिया और उन्होंने उप पुलिस अधीक्षक इफरोज अहमद, जो असुरक्षित स्थिति में थे, पर ग्रेनेड फेंके और फिर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। उच्च युद्ध-कला में निपुण होने की वजह से, श्री इफरोज अहमद भी आतंकवादियों के एकाएक हमले से स्वयं को बचाने में कामयाब हुए और घुटनों के बल चलते हुए उन पर जवाबी गोलीबारी करते रहे। आतंकवादी रिहाइशी मकानों की ओट लेकर आपरेशन पार्टी पर हमला कर रहे थे जिसकी वजह से आपरेशन पार्टी का कार्य अत्यधिक मुश्किल हो गया था क्योंकि उन्हें यह भी सुनिश्चित करना था कि नागरिकों की जान-माल की कोई क्षति न हो। यह अनुमान लगाकर कि आतंकवादियों के पास भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद हैं, जो पार्टी के लिए घातक साबित हो सकते हैं, उक्त अधिकारी ने अपने कुछ साथियों की सहायता से आतंकवादियों की ओर बढ़ने का निर्णय लिया। उप पुलिस अधीक्षक इफरोज अहमद की घुटनों के बल बढ़ने की गतिविधि का अनुमान लगाकर, आतंकवादियों ने उन पर और उनकी पार्टी पर बड़े पैमाने पर हमला कर दिया किन्तु महान युद्ध कला में निपुण होने की वजह से अधिकारी और उनके कर्मियों द्वारा पेशेवरतापूर्ण तरीके से जवाबी गोलीबारी की गई थी। यह मुठभेड़ घण्टों चलती रही क्योंकि आतंकवादियों के पास भारी मात्रा में गोला-बारूद था। तथापि, अन्ततः उप पुलिस अधीक्षक अपने आपरेशन कार्मिकों के छोटे घटक को उस स्थान पर ले जाने में सफल हुए जहां से आतंकवादियों का आसानी से सफाया किया जा सकता था। अपेक्षित दूरी को कवर करते हुए उन्होंने वहां अपनी पोजीशन ली और आतंकवादियों पर बड़े पैमाने पर हमला बोल दिया और दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। बाद में जिनकी पहचान हुजैफ उर्फ अबू हातिफ निवासी

पाक अधिकृत कश्मीर और रहमान भाई निवासी पाक अधिकृत कश्मीर के रूप में हुई। ये दोनों एल ई टी संगठन के 'ए' श्रेणी के आंतकवादी थे।

मारे गए दोनों आतंकवादी कुपवाड़ा जिले के राजवार और रामहल क्षेत्र में लम्बे समय से सक्रिय थे और उक्त क्षेत्र के लोगों और मुख्यधारा में जुड़े राजनीतिक कार्यकर्ताओं में आतंक का शाया फैला रखा था। ये आतंकवादी क्षेत्र की विभिन्न विध्वंसात्मक गतिविधियों में संलिप्त थे और वी आई पी सुरक्षा बलों और पुलिस के लिए बड़ा खतरा बने हुए थे। उनके मार गिराए जाने के बारे में क्षेत्र के स्थानीय लोगों द्वारा अत्यधिक अनुशंसा की गई थी और इसके बाद उन्होंने सामान्य तौर पर इस आपरेशन में स्थानीय पुलिस की और विशेष रूप से श्री इफरोज अहमद मीर की भरपूर तारीफ की।

इस मुठभेड़ में श्री इफरोज अहमद मीर, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 07/10/2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं.54-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. गुलाम हसन मलिक,
    एस जी कांस्टेबल
02. युसुफ-उल-उमेर,
    कांस्टेबल
03. मोहम्मद शफी,
    कांस्टेबल

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 20-07-2010 को हाईगाम गांव, पुलिस स्टेशन सोपोर में आतंकवादियों के मौजूद होने से संबंधित एक विशिष्ट सूचना मिलने पर 52 आर आर और सोपोर पुलिस द्वारा घेराव करने और तलाशी अभियान की योजना बनाकर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस कार्रवाई दल का नेतृत्व श्री आशिक हुसैन टाक, उप पुलिस अधीक्षक, (कार्रवाई), सोपोर द्वारा और सैन्य घटक की कमान मेजर राकेश रावत, पुतखान कम्पनी कमाण्डर द्वारा संभाली गई। कार्रवाई के दौरान, क्षेत्र

को घेर लिया गया और वहां आतंकवादियों के मौजूद होने की पुष्टि हो गई। इस घेरे को 52 आर आर एवं पुलिस की संयुक्त टुकडी की तैनाती करके सुदृढ़ किया गया था और घेरे से आतंकवादियों के बच निकलने का कोई भी रास्ता नहीं छोड़ा गया था।

घेरा डालने/तलाशी कार्रवाई करते समय, तलाशी दल अचानक एक मकान से हुई भीषण गोलीबारी की चपेट में आ गया जो घेरे की निगरानी में था और तलाशी दल उस लक्षित मकान और आस-पास के मकानों से नागरिकों को सुरक्षित निकालने का अत्यन्त दुष्कर कार्य कर रहा था। उप पुलिस अधीक्षक, (कार्रवाई) सोपोर श्री आशिक हुसैन टाक ने पुलिस की एक छोटी टुकड़ी जिसके साथ एस जी कांस्टेबल गुलाम हसन 151/ सोपोर, कांस्टेबल मोहम्मद शफी और कांस्टेबल युसुफ उल-उमेर स्वेच्छा से शामिल हो गए थे और जिन्हें सुबेदार रमेश चन्द द्वारा सुरक्षा कवर दिया गया, का नेतृत्व किया। जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की बचाव टीम ने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए लक्षित मकान और उसके आस-पास के मकानों में फंसे नागरिकों को बचाकर बाहर निकाल लिया। समग्र बचाव कार्रवाई के दौरान, खूंखार आतंकवादी बचाव दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे, तथापि, अत्यधिक सावधानी एवं ध्यानपूर्वक तथा उच्च पेशेवरता का प्रदर्शन करके सभी नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बचाव कार्रवाई पूर्ण होने के तुरंत बाद, संयुक्त कार्रवाई दलों ने घिरे हुए आतंकवादियों के विरूद्ध आक्रामक संघर्ष छेड़ दिया जिसके परिणामस्वरूप एक दीर्घकालीन गोलीबारी की जंग छिड़ गयी। चूंकि आतंकवादियों के पास हथियारों/गोलाबारूद का भारी जखीरा था जिससे वे कार्रवाई दल पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। स्थिति को भांपते हुए, उप पुलिस अधीक्षक आशिक हुसैन, एस.जी. कांस्टेबल गुलाम हसन, कांस्टेबल मोहम्मद शफी और कांस्टेबल यूसुफ-उल-उमेर, गनर निशार अहमद भट और लांसनायक संजय कुमार ने आंतकवादियों की तरफ बढ़ना शुरू कर दिया जिससे सेना के जवान लांसनायक संजय कुमार गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए और घायल होने की वजह से उन्होंने दम तोड़ दिया। तथापि, उप पुलिस अधीक्षक आशिक हुसैन, एस जी. गुलाम हसन, कांस्टेबल मोहम्मद शफी और कांस्टेबल युसुफ उल-उमेर ने अपने उच्च मनोबल को कायम रखा और अपनी अचूक जवाबी गोलीबारी से खूंखार आतंकवादियों का सामना किया और अन्ततः एच यू एम संगठन के उन दो खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने में अपनी पेशवरता को साबित किया जिनकी पहचान नूमन निवासी पाकिस्तान, उत्तरी कश्मीर रेंज के एच एम यू के चीफ कमाण्डर/वित्त प्रमुख और आरिफ मीर निवासी आदिपोरा, सोपोर के रूप में हुई।

समग्र कार्रवाई के दौरान, सोपोर पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक आशिक हुसैन, एस.जी. गुलाम हसन, कास्टेबल मोहम्मद शफी और कांस्टेबल युसुफ उल उमेर ने बहादुरी की अदम्य भूमिका का प्रदर्शन किया और निर्दोष नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य सुनिश्चित किया। इन अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित निःस्वार्थ कर्तव्य निष्ठा और अतुल्य साहस की वजह से दो खूंखार आतंकवादियों का सफाया हुआ और कार्रवाई की सफलतापूर्ण परकांष्ठा को हासिल किया जा सका। वहां से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए:

1. ए.के.-47 राइफल-02
2. ए.के.-47 मैगजीन 03
3. ए.के. गोलाबारूद -18 राउण्ड
4. यूबीजीएल थ्रोवर -01
5. जी.पी.एस-01

इस मुठभेड़ में सर्वश्री गुलाम हसन मलिक, एस.जी. कांस्टेबल, युसुफ उल उमेर, कांस्टेबल और मोहम्मद शफी, कांस्टेबल ने उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 20/07/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं.55-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मुशीम अहमद,
उप पुलिस अधीक्षक
02. शमीम अहमद,
उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री मुशीम अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) गूल ने बडी ही बुद्धिमता और पेशेवर तरीके से एक विश्वसनीय सूत्र तैयार करने के पश्चात गूल/अरनास क्षेत्र में एक अति वांछित पाकिस्तानी आतंकवादी की गतिविधि के बारे में जानकारी एकत्र की। इसके बाद जानकारी के और पुष्ट हो जाने के पश्चात दिनांक 19 फरवरी, 2010 को एस एच ओ पुलिस स्टेशन गूल और उप निरीक्षक शमीम अहमद सहित विशेष कार्रवाई समूह (एसओजी) का गठन करके एक सुनियोजित घेरा डालने और तलाशी अभियान की कार्रवाई शुरू की गई। देर शाम संदिग्ध क्षेत्र में पहुंचकर उन्होंने कार्मिकशक्ति को दो समूहों में विभाजित किया। एक समूह को उन्होंने अपने साथ लिया और दूसरे समूह को उप निरीक्षक शमीम अहमद के अधीन रखा ताकि आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर बचकर न भागने पाएं। अन्ततः, 2130 बजे एक पहचान रहित/संदिग्ध व्यक्ति की आवाजाही का अहसास हुआ तो उसे रूकने के लिए सावधान करते हुए अपनी पहचान प्रकट करने के लिए कहा गया। पहचान बताने के बजाय उसने पुलिस दल पर गोलियों की भारी बौछार कर दी जिसके परिणामस्वरूप एस पी ओ कार्मिक नामतः मोहम्मद अशरफ, एस पी ओ और मोहम्मद मुख्तियार, एस पी ओ गम्भीर रूप से घायल हो गए।

इसी बीच, आतंकवादी, नाले में पड़े शिलाखण्ड के पीछे ओट लेकर छुप गया। श्री मुशीम अहमद उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) गूल ने अन्य दो अधिकारियों को उन घायल दोनों एस पी ओ को वहां से सुरक्षित जगह पर ले जाने का अनुदेश दिया और वहां स्वयं उप निरीक्षक शमीम अहमद के साथ युक्तिपूर्वक घुटने के बल चलते हुए छुपे हुए आतंकवादी तक पहुंच गए। दोनों अधिकारियों ने युक्तिपूर्ण बुद्धिमत्ता तथा अतुल्य साहस का प्रदर्शन करते हुए छिपे हुए आतंकवादी को मार गिराया। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में मोहम्मद इकबाल अलीम उर्फ अबू बेकर, आयु 30 वर्ष, निवासी 38 एफ बी एरिया, 147, ब्लॉक-14, दस्तगीर, करांची, पाकिस्तान, रामबान के हिजबुल मुजाहिदीन के संभागीय कमाण्डर के रूप में हुई थी। मारे गए आतंकवाद के कब्जे से 1 ए.के.-राइफल, 4 मैगजीनें, 90 राउण्ड्स, 1 हथगोला, 1 रेडियो सेट, 2 मोबाइल सेट, 1 बायनोकुलर तथा 23,786/- रूपए की भारतीय मुद्रा बरामद की गई। उक्त आतंकवादी का सफाया होने से क्षेत्र के स्थानीय लोगों को बहुत राहत मिली है और इससे क्षेत्र में संचालित आतंकवादी संगठन को करारा झटका लगा।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री मुशीम अहमद, उप पुलिस अधीक्षक और शमीम अहमद, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19/02/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 56-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

01. शकील अहमद बेग,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

02. मोहम्मद यूसिफ,
उप पुलिस अधीक्षक

03. अब्दुल जब्बार,
हेड कांस्टेबल

04. अहसान-उल-हक,
कांस्टेबल

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 16/17.02.2010 की मध्य रात्रि के दौरान नजीर अहमद पैरी पुत्र गुलाम रसूल पर्रा निवासी काचवा के मकान में आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में एक विशेष सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना को सेना 52 आर आर के साथ आदान-प्रदान किया गया और बहुत ही बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से कार्रवाई की योजना बनायी गई। रात्रि के दौरान लगभग 01.00 बजे कार्रवाई शुरू की गई। श्री मोहम्मद यूसिफ उप पुलिस अधीक्षक बारामुला के नेतृत्व में एस ओ

जी बारामुला तथा सेना 52 आर आर द्वारा घेराबन्दी कर ली गई थी। जब उस मकान की घेराबन्दी की जा रही थी, तब लक्षित मकान में आतंकवादी के मौजूद होने की पुष्टि हो गई थी। घेर लिए गए आतंकवादियों की ओर से कार्रवाई दल पर गोलियों की भारी बौछार शुरू कर दी गई। लक्षित/निकटवर्ती मकानों में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालना एक दुष्कर कार्य था और इस प्रकार बचाव कार्य के लिए दो दलों का गठन किया गया। पहला बचाव दल श्री शकील अहमद बेग, एस एस पी, बारामुल्ला की कमान और नेतृत्व में था जिसमें हेड कांस्टेबल अब्दुल जब्बार शामिल थे और दूसरा दल मोहम्मद यूसिफ, उप पुलिस अधीक्षक (कार्रवाई) बारामुला की कमान में था जिसके साथ कांस्टेबल अहशान उल-हक थे। पहले दल ने सुरक्षा के लिए कवरिंग फायर दिया और छुपे हुए आतंकवादी को गालीबारी की जंग में उलझा लिया जबकि दूसरा दल लक्षित/निकटवर्ती मकानों में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालने का कार्य करता रहा। इस कार्रवाई का पर्यवेक्षण डी आई जी (एन के आर), बारामुला द्वारा किया गया और समग्र बचाव कार्रवाई के दौरान, खूंखार आतंकवादी कार्रवाई दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करता रहा। तथापि, अत्यन्त सावधानी और ध्यानपूर्वक सभी नागरिकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल लिया गया। सेना ने घेरे को सुदृढ़ कर रखा था। अत्यधिक सहयोग के साथ दोनों दल (पहला श्री शकील अहमद बेग के नेतृत्व में और दूसरा मोहम्मद यूसिफ के नेतृत्व में) लक्षित मकान के अत्यन्त निकट पहुंच गए जहां पर आतंकवादी को घेर लिया गया था और अन्ततः, श्री शकील अहमद बेग, एस एस पी बारामुला के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त हमला पार्टी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट पेशेवरता का प्रदर्शन करके आतंकवादियों को खदेड़ना शुरू कर दिया और उन्हें मकान की रसोई में परिरूद्ध कर दिया। हमला पार्टी पर वे आतंकवादी अंधाधुंध गोलिया दाग रहे थे और हथगोले फेंक रहे थे। इसके पश्चात, हमला पार्टी घुटनों के बल आगे बढ़ी और हवादान के पास पहुंच गई और वहां से जवाबी गोलीबारी की और इस बार की गोलीबारी की जंग में जैश-ए-मोहम्मद के दो खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में सल्लाह-उद्दीनवानी पुत्र गुलाम मोहीउद्दीनवानी, निवासी कुशालपोर, चिन्नेड बारामुला और लतीफ अहमद बानी, पुत्र गुलाम मोहीउद्दीनबानी, निवासी मिरानगुण्ड, नाऊपोरा क्रीरी के रूप में हुई। मारे गए ये आतंकवादी बहुत ही खूंखार और प्रबल लड़ाका थे। वे इस क्षेत्र में लम्बे समय से सक्रिय थे। इन दोनों आतंकवादियों का सफाया होने से जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा संगठनों को करारा-झटका लगा है। इसके साथ ही बारामूला के सार्वजनिक क्षेत्र के आतंकवादियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित बरामदिगां की गईं:-

1.	ए.के. 47 राइफल	-02
2.	ए.के. मैगजीन	-02
3.	ए.के. गोला बारूद	-3 जिन्दा कारतूस
4.	सैटलाइट फोन (थ्रोया)	-01(अंशत: क्षतिग्रस्त)
5.	हथगोला (चीन निर्मित)	-01

6. वायरलेस रूट (आईकॉम) -01
7. वायरलेस एन्टीना -01
8. सिम रहित मोबाइल फोन -01 (क्षतिग्रस्त)

इस मुठभेड़ में सर्वश्री शकील अहमद बेग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद यूसिफ, उप पुलिस अधीक्षक, अब्दुल जब्बार, हेड कांस्टेबल और अहसान-उल-हक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.02.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 57-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. राजीव रंजन सिंह,
उप पुलिस अधीक्षक
02. अरविन्द कुमार सिंह,
कांस्टेबल

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 30/07/2009 को चार होटलों के मालिक लव भाटिया नामक राची के अति महत्वपूर्ण व्यापारी को बिहार और उत्तर प्रदेश के अपहरणकर्ता गैंग द्वारा फिरौती के लिए रात 10.00 बजे अपहरण कर लिया गया था। उसके माता-पिता द्वारा तत्काल लोवर बाजार पुलिस स्टेशन में मामला संख्या 168/09 धारा 364(क) के तहत एफ आई आर दर्ज करायी गई थी और अपहरणकर्ताओं की तलाश और लव भाटिया की सुरक्षित रिहाई हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रांची प्रवीन कुमार के कुशल नेतृत्व में रात में ही कार्रवाई शुरू की गई थी। तत्काल ही (i) उप पुलिस अधीक्षक, हटिया राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व एक छापामार टीम का गठन किया गया जिसमें (ii) निरीक्षक सह-प्रभारी अधिकारी, डोराण्डा, हरिश्चन्द्र सिंह (iii) कांस्टेबल मन्तुश महतो (iv) कांस्टेबल अरविन्द कुमार सिंह (v) कांस्टेबल सुधीर कुमार (vi) कांस्टेबल मोहन्ती मुन्दरी और (vii) कांस्टेबल रोपना ओरांव शामिल थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रवीन कुमार सिंह ने तकनीकी निगरानी और पुलिस अधीक्षक, हजाराबाग की मदद से बाहरी, जिला हजारीबाग में तीन अपराधियों को पकड़ा और इसके बाद, इन अपराधियों से पूछताछ करने के पश्चात प्राप्त जानकारी के आधार पर लव भाटिया की सुरक्षित रिहाई कराने के लिए अपराधियों को पकड़ने के लिए उप पुलिस अधीक्षक हटिया को अपराधियों बारे में जानकारी दी गई। उप पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन सिंह ने अपनी छापामार पार्टी के साथ आवासीय फ्लैटों के उस संदिग्ध ब्लॉक को चारों तरफ से घेर लिया जहां पर अपहरणकर्ता छुपे हुए थे। एक-एक करके हर एक फ्लैट को खोला जा रहा था और उसकी तलाशी चल रही थी। तलाशी कार्रवाई के दौरान जब एक फ्लैट के बन्द दरवाजे को तोड़ा गया तो वहां से छापामार पार्टी पर गोलियां चलनी शुरू हो गईं। उप पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में सम्पूर्ण टीम ने असाधारण साहस और कौशल का प्रदर्शन किया और अपनी जान को खतरे में डालते हुए अपहरणकर्ताओं, जो अर्ध स्वचालित हथियारों से लैश थे, से भिड़ गए। अपने अंगरक्षक को गोली लग जाने के बावजूद उप पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन सिंह ने अपना साहस नहीं खोया और अन्ततः अपहृत व्यापारी को सुरक्षित छुड़ाने में कामयाब हो गए। दोनों ओर से चली इस गोलीबारी में तीन अपहरणकर्ताओं को मार गिराया गया और उनसे भारी मात्रा में अर्ध-स्वचालित हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए। इसमें पांच अर्ध स्वचालित पिस्टल, एक .315 बोर राइफल और डी बी बी एल बन्दूक के साथ-साथ भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया। इन पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए इस बहादुरीपूर्ण कार्य से रांची जिला में ही नहीं अपितु पूरे झारखण्ड राज्य में पुलिस की गरिमा/प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी हुई थी।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री राजीव रंजन सिंह, उप पुलिस अधीक्षक और अरविन्द कुमार सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30/07/2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 58-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. टी. आर पुत्तास्वामी गौडा,
सर्किल इन्सेपक्टर

02. राजेश के.,
सशस्त्र पुलिस कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री राजेश के. एपीसी 169 जिला सशस्त्र रिजर्व कांस्टेबल हैं और वह उच्च प्राधिकारियों के निदेश पर अजेकर पी एस एल में नक्सली समूहों के संबंध में सूचना एकत्र करने के लिए अक्तूबर, 2005 से ए एन एफ करकला में कार्यरत हैं। दिनांक 28 फरवरी, 2010 को शायं 4.00 बजे श्री राजेश के. को विश्वस्त मुखबिर/स्रोत से नक्सली समूह के कुछ सदस्यों के मैरोली, अजेकर, पी एस एल में आने की सूचना प्राप्त हुई है।

इस सूचना पर उडुपी पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीन मधुकर पवार ने पुलिस को करकला के उप पुलिस अधीक्षक श्री सन्तोष कुमार के पर्यवेक्षण में मेरोली पहुंचने और उनका मुकाबला करने तथा नक्सल रोधी अभियान तैयार करने का निदेश दिया। कार्य योजना के अनुसार 16 सदस्यीय एक दल दिनांक 01.03.2010 को तड़के सुबह 4.00 बजे कार्रवाई हेतु करकला ए एन एफ से एक वाहन में रवाना हुआ।

यह दल लगभग 5.00 बजे सुबह पक्की बैलू पहुंचा और वहां से पैथला, नारजी, कोन्डाडी, मोरन्टेबेल होते हुए मैरोली की ओर प्रस्थान किया। वे करीब 2.00 बजे दोपहर मैरोली पहुंचे। यहां उन्होंने दो समूहों में विभाजित होने का निर्णय लिया। पहले दल का नेतृत्व श्री पुत्तास्वामी गौडा ने किया और दूसरे दल का नेतृत्व श्री प्रसन्न कुमार ने किया।

फिर ये दल पेड़ों और चट्टानों के पीछे घात लगाकर बैठ गए। करीब 4.30 बजे शायं उन्हें लगा कि एक महिला और दो व्यक्ति उनकी ओर पैदल आ रहे हैं। ये सभी तीनों एक-दूसरे से 10-10 फीट के फासले पर थे। ये सभी तीनों बन्दूकें लिए हुए थे और नीली वर्दी पहने हुए थे। टीम ने देखा कि वह महिला कोई चीज तलाश कर रही थी किन्तु उसे कुछ नहीं मिला। फिर वह वापस चली गई। यह सारी घटना मिनटों में हुई। पुलिस ने उनकी वर्दी और बन्दूकों के आधार पर यह पुष्टि कर ली कि वे प्रतिबंधित नक्सल समूह के थे। श्री टी आर पुत्तास्वामी गौडा, सीपीआई ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। पुलिस दल की आवाज सुनकर नक्सलियों ने घात लगाने की जगहें लेकर उस दिशा की ओर फायरिंग करना शुरू कर दिया।नक्सलियों ने माओ समर्थक नारे लगाए। सर्किल पुलिस इन्सपेक्टर ने एक बार दुबारा उन्हें फायरिंग बन्द करने और आत्मसमर्पण करने के लिए जोर से कहा। किन्तु उन्होंने अपनी गोलीबारी जारी रखी। उनकी ओर से हो रही गोलीबारी की वजह से एक कांस्टेबल श्री राजेश के. के दाहिने हाथ में गोली लग गई। एक कांस्टेबल को गाली लग जाने पर सी पी आई श्री टी.आर. पुत्तास्वामी गौडा ने अपने दल को आत्मरक्षा में नक्सलियों पर जवाबी गोलीबारी करने का आदेश दिया। इस आदेश पर घायल कांस्टेबल राजेश के. ने अपनी ए.के. 47 राइफल से एक राउण्ड फायर किए और श्री टी आर. पुत्तास्वामी गौड़ा ने अपनी ए.के. 47 राइफल से नौ राउण्ड फायर किए। निरीक्षक पसन्ना कुमार ने अपनी ए.के. 47 राइफल से नौ राउण्ड फायर किए और पी एस आई पी.जी. सन्देश ने आठ राउण्ड फायर किए। कुल मिलाकर पुलिस बल द्वारा 27 राउन्ड फायर किए गए। इस

मुठभेड़ में एक नक्सली ढ़ेर हो गया और अन्य दो बच निकलकर भाग गए। दोनों बचकर भाग जाने वाले नक्सली तब तक फायर करते रहे जब तक कि जंगल में लापता नहीं हो गए। मृत नक्सली की पहचान वसन्ता उर्फ आनन्द निवासी कुथलुर ग्राम, ताल्लुक बेलथान गड़ी, डी.के. के रूप में हुई। वर्ष 2003 में हुए इदू मुठभेड़ सहित वह इस क्षेत्र में 22 से भी अधिक मामलों में संलिप्त अत्यधिक वांछित नक्सलियों में से एक था। उसके पास से एक एस एल आर बन्दूक बरामद की गई। बरामद की गई एस एल आर से पता चला कि यह हथियार दिनांक 07-10-2004 को श्रृंगेरी में एक पुलिस कार्मिक से छीन लिया गया था।

उपचार हेतु पहुंचाया गया और बाद में उसे अगले उपचार के लिए 23 दिन के लिए के एम सी मणियाल में भर्ती किया गया था। सर्किल पुलिस निरीक्षक (सीपीआई) टी आर. पुत्तास्वामी गौड़ा द्वारा अजेकर पुलिस स्टेशन में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307/333, 120 (ख), 121 (क) के साथ पठित भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 3 और 25 तथा विधि विरूद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 10 और 13 के तहत अपराध संख्या 15/10 एक शिकायत दर्ज की गई। सीपी आई ने बचकर भाग गए दोनों नक्सलियों की पहचान सुन्दरी उर्फ गीता और सुरेश उर्फ महेश उर्फ प्रदीप उर्फ तुंगप्पा उर्फ महादेव के रूप में हुई।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री टी. आर. पुत्तास्वामी गौड़ा, सर्किल इन्स्पेक्टर और राजेश के. सशस्त्र पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 01/03/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 59-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री सिद्धार्थ चौधरी
अपर पुलिस अधीक्षक

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक, जिला भिण्ड ने डकैत गैंगों तथा फरार अपराधियों की विधिविरूद्ध गतिविधियों तथा गलत आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए श्री सिद्धार्थ चौथरी अपर पुलिस

अधीक्षक, भिण्ड के नेतृत्व में विश्वास पात्र, निष्ठावान, समर्पित तथा मेहनती पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। उनके अथक प्रयासों और समर्पण का फल तब सामने आया जब एक मुखबिर ने दिनांक 10-11-2009 को करीब 10.30 बजे श्री चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक को पुलिस स्टेशन, फूप के एक परित्यक्त गांव सापड के पास चम्बल नदी की घाटी में 4-5 बदमाशों के मौजूद होने की सूचना दी जिनका इरादा कोई जघन्य अपराध करने का था। यह सूचना निरीक्षक उमेश सिंह तोमर, एस एच ओ, पुलिस स्टेशन फूप को सम्प्रेषित की गई। श्री चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल पुलिस फोर्स एकत्रित की और इन्सपेक्टर, ए.के. दीक्षित, एस एच ओ, पुलिस स्टेशन देहात को फोर्स के साथ बुलाया और फिर पुलिस स्टेशन फूप पहुंच गए। समग्र फोर्स पुलिस स्टेशन फूप से रवाना हुई और परित्यक्त गांव सापड़ पहुंच गई जो पुलिस स्टेशन फूप से उत्तर की ओर 9 किमी. की दूरी पर था। यहां पर वाहन को छोड़ दिया गया और फोर्स को दो दलों में विभाजित किया गया। पार्टी संख्या 01 का नेतृत्व सिद्धार्थ चौधरी ने ग्राम सापड के उत्तरी दिशा में तलाशी करने के लिए किया और पार्टी नं. 2 को निरीक्षक ए.के. दीक्षित के अधीन कट-आफ पार्टी के रूप में पूर्व की ओर तैनात किया गया। ज्यों ही पार्टी न01 पुराने कुएं की बगल से होकर चम्बल नदी की घाटियों में आगे बढ़ी तो करीब 1500 बजे उसे घाटी के एक तंग रास्ते में 4-5 अज्ञात सशस्त्र बदमाश दिखाई दिए। श्री चौधरी और उनकी पार्टी ने पोजीशन ली और बदमाशों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा किन्तु उन्होंने चेतावनी की ओर कोई ध्यान नहीं दिया और अपर पुलिस अधीक्षक श्री चौधरी तथा निरीक्षक उमेश सिंह तोमर के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिन्होंने लेटकर पोजीशन ली और स्वयं को बाल-बाल बचा लिया। इस विषम स्थिति में, श्री चौधरी ने साहस से काम लिया और फोर्स को आत्मरक्षा में गोलियां चलाने का निदेश दिया। अपनी जांन को जोखिम में डालते हुए श्री चौधरी दाहिनी ओर से निरीक्षक उमेश सिंह तोमर बायीं ओर से आगे बढ़े और हमला कर रहे बदमाशों पर अपनी 9 एम एम पिस्टल से अचूक गोलीबारी की जिसके फलस्वरूप चीख के साथ एक बदमाश झांड़ियों में गिर गया। दूसरे बदमाश को वहां पहुंचते हुए तथा पार्टी नं0 1 पर गोलिया बरसाते हुए देखा गया, जिसको अपर पुलिस अधीक्षक और निरीक्षक तोमर द्वारा निशाना बनाया गया और उन्होंने अन्ततः बदमाश को मारकर उसे भी धूल चटा दिया। पार्टी नं0 2 ने कवरिंग फायर दिया जिससे अन्य बदमाशों का धैर्य जवाब दे गया और वे घाटियों और झाड़ियों का लाभ लेकर भाग गए।

जब बन्दूकों की दनदनाहट शान्त हुई तो इस भीषण मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया गया जहां दो बदमाशों के शव, एक एस बी बी एल बन्दूक, एक 9 एम एम पिस्टल तथा एक देशी रिवाल्वर के साथ पाए गए। घटनास्थल से जिन्दा और खाली राउण्ड्स, मोबाइल, 2,40,000 रूपए नकद तथा दैनिक उपयोग के अन्य सामान भी बरामद किए गए।

मारे गए बदमाशों की पहचान निम्नलिखित के रूप में हुई:-

1. डकैत रामबीर सिंह पुत्र मातादीन सिंह सिकारवार उम्र 36 वर्ष, निवासी बाम्हौरा, पुलिस स्टेशन इन्डोरी, जिला भिण्ड जिस पर 25000 रूपए का इनाम था।

2. डकैत संजू, पुत्र सुन्दर सिंह तोमर, उम्र 25 वर्ष निवासी कांच मिल ग्वालियर, जिस पर 7000 रूपए का ईनाम था।

ये डकैत सूचीबद्ध गैंग टी-27 चरणा उर्फ चरन सिंह के सक्रिय सदस्य थे,। इन्होंने मध्य प्रदेश के जिला शिवपुर, भिण्ड, मौरैना, ग्वालियर तथा उत्तर प्रदेश के आगरा तथा राजस्थान क्षेत्र के धोलपुर जिलों में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण लूट इत्यादि जैसे सिलसिलेवार जघन्य अपराध किए थे।

इस मुठभेड़ में श्री सिद्धार्थ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 10.11.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 60-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. अनिल शर्मा,
पुलिस अधीक्षक

02. शेर सिंह,
उप निरीक्षक

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 20.09.2010 को लगभग 2200 बजे, पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा, को ग्राम खेरी देवता के पास कुख्यात डकैत गैंग माधो मिश्रा के मौजूद होने के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। जानकारी से यह पता चला कि यह डकैत गैंग दिनांक 20 और 21 सितम्बर, 2010 को मध्य रात्रि में फतेहपुर की तरफ से सनसनीखेज अपहरण को अंजाम देने की दृष्टि से वहां आ रहा है। श्री अनिल शर्मा, पुलिस अधीक्षक दतिया तत्काल उपलब्ध फोर्स के साथ थारेट पुलिस स्टेशन गए और एस एच ओ, थारेट श्री शेर सिंह के साथ मशविरा करके योजना तैयार की और थारेट पुलिस स्टेशन से भी फोर्स एकत्र की। योजना के अनुसार पुलिस फोर्स को दो पार्टियों में विभक्त किया गया।

पहली पार्टी का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने किया और दूसरी पार्टी का नेतृत्व श्री शेरसिंह एस एच ओ, थारेट ने बहुत कम उपलब्ध फोर्स के साथ किया और फिर उन्हें घात लगाकर हमला के बारे में विस्तार से बताया गया और पुलिस पार्टियों को ड्रैगन लाइट के साथ हथियार और गोला बारूद दिए गए थे।

इस विश्वस्त सूचना के अनुसार कि डकैत गैंग माधो मिश्रा अपने पांच अन्य डकैतों के साथ 20 और 21 सितम्बर की मध्य रात्रि में एक सनसनीखेज अपहरण को अन्जाम देने के लिए "डिगुंआ" की ओर से "फतेहपुर खेरी देवता का सड़क की ओर आने की सम्भावना है। दोनों पार्टियों ने डकैतों के आने के अति संभावित मार्गों पर घात लगा लिया। यह घात लगाकर हमला करने की कार्रवाई 'यू' आकार में इस निर्देश के साथ की जानी थी कि डकैतों के मौजूद होने का अहसास होने पर उन्हें केवल अनिल शर्मा ही ललकारेंगे।

दिनांक 21.09.2010 को लगभग 0100 बजे वह डकैत गैंग पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी के सामने आ गया और उन्होंने डकैतों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। पुलिस पार्टी की मौजूदगी का अहसास होने पर डकैतों ने पुलिस पार्टी पर लगातार गोलीबारी शुरू कर दी। श्री अनिल शर्मा, पुलिस अधीक्षक दतिया ने भी पुलिस पार्टी के साथ आत्मरक्षा में डकैतों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी और अपनी जान की परवाह न करते हुए डकैतों के गैंग की ओर बढ़ते रहे। डकैतों ने दुर्जेय पोजीशन ले ली थी और वे पुलिस पार्टी पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे।

इसी बीच में पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा के बायें हाथ के बाजू में गोली लग गई। एच एच ओ शेर सिंह और कांस्टेबल शैलेन्द्र सिंह को भी गोलियां लगीं। पुलिस अधीक्षक अनिल शर्मा ने अपने आहत होने की परवाह न करते हुए एच एच ओ शेर सिंह और कांस्टेबल शैलेन्द्र सिंह के घायल होने की ज्यादा परवाह की और वह घुटनों के बल आगे बढ़ते रहे ताकि वह डकैतों के नजदीक पहुंच सकें। इन परिस्थितियों में, विषयम हो चुकी स्थिति का सामना करने के लिए एक जबरदस्त मनोबल वाले व्यक्तित्व, दृढ़संकल्प, उत्साहवर्धक नेतृत्व, महान वीरता और साहस वाले व्यक्ति की आवश्यकता थी। ऐसे क्षण में उन्होंने अपना व्यक्तिगत उदाहरण ही उपयुक्त समझा और चुनौती का सामना किया, डर जाने से इंकार कर किया किया तथा स्थिति को काबू में किया। उन्होंने उत्साह और जोश के साथ स्थिति का सामना किया।

डकैत गैंग माधो मिश्रा के उत्कृष्ट हथियारों से आ रही गोलियों की बौछार तथा डकैतों के हथियारों से उनकी बायीं बाजू में लगी गोली भी पुलिस अधीक्षक, अनिल शर्मा को उनके लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता को पूरा करने से नहीं रोक सकी।

श्री अनिल शर्मा, पुलिस अधीक्षक ने अपने जीवन को खतरे में डालते हुए गोलियों की बौछार के बीच अपने जीवन को आसन्न खतरा का सामना करते हुए हवा में छलांग लगाते हुए

डकैत सरगना माधो मिश्रा और उसके अन्य साथियों पर हमला किया और बिल्कुल नजदीक से गैंग के सरगना माधो मिश्रा को मार गिराया। श्री अनिल शर्मा, पुलिस अधीक्षक, दतिया ने गैंग सरगना को मार गिराया और पुलिस पार्टी ने अन्य महत्वपूर्ण गैंग मुखिया राजेन्द्र खंगार को मार दिया। गैंग के अन्य सदस्य अंधेरा और छोटी-पहाडियों का फायदा उठाकर बचकर भाग गए।

इस गौरवपूर्ण एवं यादगार मुठभेड़ में निम्नलिखित गैंग मुखिया और गैंग के महत्वपूर्ण सदस्य को मारा गया:

1. माधो मिश्रा पुत्र बृदावन मिश्रा निवासी ग्राम सालोन बी, पुलिस स्टेशन पंडोखर जिला दतिया (म0प्र0) जिस पर 15,000/-रूपए का ईनाम था।

2. राजेन्द्र खंगार पुत्र हरि राम खंगार निवासी ग्राम सालोन बी पुलिस स्टेशन पाण्डे, जिला दतिया मध्यप्रदेश जिस पर 15000/- रूपए का ईनाम था।

डकैत गैंग सरगना माधो मिश्रा के पास से उत्कृष्ट दुनाली.12 बोर कारखाना निर्मित बन्दूक, जिन्दा कारतूस और खाली खोखे बरामद हुए और डकैत राजेन्द्र खंगार के पास से एक .12 बोर बैरल गन, जिन्दा कारतूस और खाली खोखे बरामद हुए तथा मुठभेड़ स्थल से एक .12 बोर एकनाली बन्दूक बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री अनिल शर्मा, पुलिस अधीक्षक और शेर सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 21/09/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 61-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. मनोहर सिंह वर्मा,
अपर पुलिस अधीक्षक

02. प्रणय नागवंशी,
उप पुलिस अधीक्षक

03. राजेन्द्र पाठक,
निरीक्षक

04. सुदेश कुमार तिवारी,
सहायक उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्वालियर जिला के साथ-साथ मध्य प्रदेश के ग्वालियर, चम्बल संभागों में और उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के समीपस्थ क्षेत्रों में डकैती/फिरौती के लिए अपहरण की समस्या स्थानीयकृत समस्या बन गई थी, इस समस्या को उखाड़ फेंकने के हर-सम्भव प्रयासों के बावजूद, नए-नए डकैतों के गैंग इन क्षेत्रों के निवासियों के लिए मुसीबत का सबब बनते जा रहे थे जिसके फलस्वरूप असुरक्षा के चलते आर्थिक विकास बधित हो रहा था क्योंकि निवेशक/उद्योगपति डकैती की आशंका को देखते हुए अन्यत्र निवेश करने का विकल्प ढूंढ रहे थे।

वर्ष 2007-09 की अवधि के दौरान खूंखार डकैत राजकुमार शर्मा और राजनारायण शर्मा की सरगनाई में एक ऐसा कुख्यात गैंग नियमित रूप से इस क्षेत्र में अपनी लूटमार को अंजाम दे रहा था । अपने ऐसे निर्भीक और दुस्साहसी कृत्य में इस गैंग ने पुलिस स्टेशन अटेर, जिला भिण्ड, मध्य प्रदेश की सीमा में कार्य कर रहे कैनरा डाल सिंचाई परियोजना से एक ठेकेदार मि. शरद झांवर, व्यवसायी मिस्टर सुदेश महेश्वरी और एक साइट इन्जीनियर का अपहरण कर लिया। इससे परियोजना से जुड़े सभी लोगों का ही मनोबल नहीं टूटा था बल्कि मध्य प्रदेश सरकार के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती थी जो नागरिकों की यथेष्ठ रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चत करने के साथ मध्य प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

दिनांक 23 और 24 अक्तूबर, 2009 की मध्य रात्रि के दौरान करीब 00.15 बजे पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर को इस आशय की एक विश्वस्त सूचना प्राप्त हुई कि डकैत राजकुमार शर्मा और उसका एक साथी कुछ आग्नेयास्त्र खरीदने के लिए थोड़ी देर में ग्वालियर पहुंच रहा है। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मि0 मनोहर वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) को नाकाबन्दी करने और सभी आने वाले वाहनों की जांच करने का आदेश दिया। इसके तुरंत बाद, मि0 मनोहर वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक एवं मि0 प्रणय नागवंशी, शहर पुलिस अधीक्षक, झांसी रोड उप संभाग के कुशल नेतृत्व में सभी आने वाले वाहनों की गहन जांच शुरू की गई। ग्वालियर शहर नाकाबन्दी योजना में 15 प्रवेश/निर्गम बिन्दुओं के साथ-साथ सभी महत्वपूर्ण चौराहों में 54 आन्तरिक घेराव बिन्दुओं पर जांच करने की परिकल्पना थी।

फिर यह हुआ कि पुलिस स्टेशन कम्पू पुलिस टीम वहां पहुंची और पुलिस टीम को देखते ही डकैतों ने पुलिस पार्टी को निशाना बनाकर अंधाधुंध बोलीबारी करनी शुरू कर दी। उनकी एक गोली वाहन की विन्डस्क्रीन पर लगी और पुलिस को बाल-बाल बचाते हुए निकल गई। सभी पुलिस कर्मी वाहन से कूद पड़े और झाड़ियों के पीछे अपनी ओट ली।

अपर पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) और शहर पुलिस अधीक्षक, झांसी रोड भी घटनास्थल पर पहुंच गए और डकैतों को ललकारा तथा उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा किन्तु डकैतों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। डकैत पुलिस कर्मियों को जान से मारने के इरादे

से पुलिस को निशाना बनाकर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस के पास आत्मरक्षा में गोली चलाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था।

ए एस आई सुदेश तिवारी, जो सरकारी वाहन से कूद चुके थे, ने एक दृढ़ और वीरतापूर्ण फुर्ती दिखायी। अपना जान को अत्यन्त खतरे में डालते हुए और साहस एवं धैर्य का अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए अपनी सर्विस पिस्टल से फायर किया। कांस्टेबल दुवो जहां सिंह और सुरेन्द्र ने कर्तव्य की सीमा से परे जाकर, अपनी जान को खतरे में डालकर उनकी इस कार्रवाई में कवर प्रदान किया और डकैतों को निशाना बनाते हुए अपनी .303 राइफलों से बहादुरी के साथ गोलीबारी की। अपर पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) एम. एस वर्मा, सी एस पी, झांसी रोड़, प्रणय नागवंशी और निरीक्षक राजेन्द्र पाठक ने अपने सर्विस पिस्टल से फायर शुरू किया और खूंखार डकैतों द्वारा उत्पन्न चुनौती को प्रभावकारी तरीके से निष्फल कर दिया। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि इस पूर्ण समन्वित कार्रवाई, जो बिजली की गति से सम्पन्न हुई, की वजह से ही सफलता हासिल हुई।

जब गोलीबारी बन्द हुई तो तलाशी से पता चला कि एक डकैत मर गया था जिसकी पहचान ए एस आई सुदेश तिवारी द्वारा राजकुमार शर्मा, निवासी ग्राम सेमरई, पुलिस स्टेशन खेडा राथौर, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश के रूप में की गई जिसे वह भिण्ड जिला में अपनी पूर्ववर्ती तैनाती के दौरान थोड़ा-थोडा, चेहरे से जानते थे। मृतक डकैत खूंखार पंडित गैंग का सरगना था और उस पर 25000 रूपए का ईनाम था । अन्य डकैत घनी झाड़ियों और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हुए समीपवर्ती पुलिस स्टेशनों की पुलिस पार्टियां भी अन्य डकैतों की तलाश करने के लिए बुलाई गई थीं।

इस मुठभेड़ में, एक .315 बोर हथियार, 5 खाली खोखे, 9 जिन्दा कारतूस मृतक डकैत की बेल्ट में से बरामद किए गए। आसपास के क्षेत्रों में की गई तलाशी के फलस्वरूप, 50 से 150 फीट की दूरी में अन्य .32 बोर देशी पिस्टल और .315 बोर के खाली खोखे, .32 बओर के 4 खाली खोखे बिखरे हुए पड़े पाए गए।

घटनास्थल से .303 राइफल के छह दागे गए कारतूस और 9 एम एम के 12 खोखे भी बरामद किए गए। जिसमें से ए एस आई सुदेश तिवारी द्वारा .9 एम एम के 6 राउण्ड फायर किए गए और अपर पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम), श्री एम एस वर्मा, सी एस पी, झांसी रोड, श्री प्रणय नागवंशी और निरीक्षक राजेन्द्र पाठक में से प्रत्येक ने दो राउण्ड फायर किए।

घटना स्थाल से एक मोटर साइकिल हीरो हाण्डा स्प्लेण्डर जिसका इस्तेमाल डकैतों द्वारा किया जा रहा था, भी बरामद की गई जिसकी पंजीकरण संख्या एम पी 05 ए 7826 है। यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि उसकी नम्बर प्लेट पर "पुलिस" लिखा था। पुलिस स्टेशन, कम्पू में निरीक्षक राजेन्द्र पाठक की रिपोर्ट पर आई पी सी की धारा 307, 34 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 के तहत एफ आई आर संख्या 421/09 दर्ज करायी गयी।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री मनोहर सिंह वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रणय नागवंशी, उप पुलिस अधीक्षक, राजेन्द्र पाठक, निरीक्षक और सुदेश कुमार तिवारी, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 24/10/2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 62-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. सागापाम इबोतोम्बी सिंह,
उप निरीक्षक

02. अजय प्रकाश,
राइफल मैन

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.06.2011 को करीब 0030 बजे जन साधारण से उगाही करने और मौका मिलने पर सुरक्षा बलों पर हमला करने जैसी खतरनाक गतिविधियों को अंजाम देने के इरादे से नाओरेमथांग खुलेम लेईकेई के सार्वजनिक क्षेत्र में आर पी एफ/पी एल ए के कुछ सशस्त्र काडरों के मौजूद होने के संबंध में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर सी डी ओ/इम्फाल पश्चिम जिला की दो टीमें एस आई एन.मनिक्सो सिंह और एस आई एस. इबोतोम्बी सिंह के नेतृत्व में उक्त सशस्त्र काडरों को गिरफ्तार करने के लिए उक्त क्षेत्र की ओर तत्काल दौड़ पड़ी।

उक्त क्षेत्र में पहुंचकर, दोनों टीमों ने क्षेत्र की स्थालाकृति के साथ-साथ, क्षेत्र के आस-पास की गलियों/उप-गलियों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात, बच निकल भागने के संभावित रास्तों की पहचान करने के बाद, कमाण्डोज ने कुछ संदिग्ध मकानों की खास-खास जगहों की तलाशी लेनी आरम्भ की। उप निरीक्षक एन.मनिक्सो सिंह के नेतृत्व में कमांडो की टीम ने उपायुक्त इम्फाल पश्चिम जिला के कार्यालय परिसर के समीपवर्ती क्षेत्र के उत्तरी हिस्सों पर चुनिन्दा मकानों का तलाशी अभियान आरम्भ किया जबकि उप निरीक्षक एस.इबोतोम्बी सिंह की टीम ऊरीपोक-कांगचुप सड़क के समीपवर्ती क्षेत्र से लेकर दक्षिण दिशा के चुनिन्दा मकानों की तलाशी कर रही थी।

लगभग 1.30 बजे पूर्वाह्न जब उप निरीक्षक एस.इबोतोम्बी सिंह के नेतृत्व वाली टीम एक मकान का सामने वाला दरवाजा खटखटा रही थी, तभी आर. के. लोईडांगतोम्बी, जिसकी

बाद में मकान मालिक के रूप में पुष्टि हुई और आर के. नोरेनद्रोसाना की पुत्री ने अचानक दरवाजा खोला और बाहर आए तथा एक कमाण्डो, जो दरवाजे के सामने खड़ा था, को धक्का देकर कमाण्डो टीम की गिरफ्तारी से बचने की कोशिश करते हुए पूर्व की ओर भागने लगी। कमाण्डो टीम ने जब उन्हें रूकने की आवाज लगाई तो वह आदमी पीछे की मुड़ा और कमाण्डो की टीम पर कुछ राउण्ड फायर किया। 2 मिनट बीतने के पश्चात, अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए सबसे आगे एस आई एस.इबोतोम्बी सिंह और उनके ठीक पीछे राइफलमैन अजय प्रकाश घुटनों के बल चलते हुए आगे बढ़े और सामरिक दृष्टि से हमला शुरू करते हुए उन उग्रवादियों की ओर फायर किया जहां से लगातार गोलियां आ रही थी। जब एस.आई एस. इबोतोम्बी सिंह और राइफलमैन अजय प्रकाश उस उग्रवादी के निकट पहुंच गए, जो उत्तरी प्रांगण के ऊपर उठे हुए दो पट्टियों के बीच अपनी पोजीशन लिए हुए था। उस दिशा से बन्दूक से फायर करती हुई धुंधली छाया आकृति को देखकर दोनों ने एक-साथ उस सशस्त्र युवक पर फायर किया जिससे वह मौके पर ही ढ़ेर हो गया।

उस उग्रवादी की पहचान बाद में लैशराम लिंकोन उर्फ निकोलन मेईतेई (उम्र लगभग 40 वर्ष) पुत्र एल.मोधू निवासी काकवा नाओरेम लेइकेई, पश्चिम इम्फाल के रूप में हुई जो प्रतिबंधित संगठन पिपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी एल ए) का कार्याकर्ता था और सार्जेंट मेजर के रैंक में कार्य कर रहा था। शव के पास से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए:-

1. मैगजीन के साथ 9 एम एम कैलीबर पिस्टल जिस पर स्मिथ एण्ड वेस्सन स्प्रिंगफील्ड, एम ए, यू एस ए अंकित है और जिसकी संख्या वी डी एफ 1363 एम डी ओ 5906 है
2. 9 एम एम कैलीबर के 9 जिन्दा राउण्ड्स
3. .2 चाइनीज हथगोले।
4. 9 एम एम कैलीबर का एक खाली खोखा।
5. 9 एम एम कैलीबर का 1 प्रोजेक्टाइल
6. ए.के. 47 राइफल के 27 खाली खोखे।

विषम समयावधि (अर्धरात्रि) में हुई इस मुठभेड में, कमाण्डो कार्मिकों ने विशेष रूप से, उप निरीक्षक एस. इबोतोम्बी सिंह और राइफलमैन अजय प्रकाश ने उच्च कोटि के साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया। यदि उप निरीक्षक एस. इबोतोम्बी सिंह ने अपने कमाण्डो कर्मियों की समुचित तरीके से कमान संभालते हुए इस अनुकरणीय तरीके से कार्य न किया होता तो वह उग्रवादी न कवेल अपने ठिकाने से बचकर भाग गया होता बल्कि उन कमाण्डो कर्मियों की गम्भीर रूप से हताहत कर गया होता जो उनके पकड़ने के लिए घेरा डाले हुए थे। राइफलमैन अजय प्रकाश ने भी अपने कमाण्डर द्वारा सौपें गए दायित्व को पूर्णत: समर्पण के साथ निभाया और अपनी वीरता तथा पेशेवरता का प्रदर्शन किया। वस्तुत:, दोनों अधिकारी अपनी पेशवरता के कठिन परीक्षण में खरे उतरे।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सागापाम इबोतोम्बी सिंह, उप निरीक्षक और अजय प्रकाश, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28/06/2011 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 63-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. साहब रशीद खान,
अपर पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
02. बिजेन्दर सिंह त्यागी,
निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03. देवेश सिंह,
उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
04. विकास कुमार पाण्डेय,
उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
05. गजेन्द्र पाल सिंह,
उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
06. अजय प्रकाश त्रिपाठी,
हेड कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

नीरज सिंह एक खूँखार अपराधी था जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 1,00,000/- रूपए के इनाम की घोषणा की थी। वह 02 कांस्टेबलों की सनसनीखेज और नृशंस हत्या तथा दिनांक 16.03.2010 को पुलिस हिरासत से भागने के कारण वांछित था।

एस टी एफ यू.पी. को नीरज सिंह को गिरफ्तार करने का दायित्व सौंपे जाने पर, श्री नवीन अरोड़ा, एस एस पी एस टी एफ ने श्री साहब रशीद खान, अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक दल का गठन किया। निश्चित और विश्वस्त खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर कि अपराधी नीरज सिंह दिनांक 03.05.2010 को अंसल कॉलोनी, आगरा पहुँच सकते हैं, श्री नवीन अरोड़ा अपने दल के साथ लगभग 0330 बजे अंसल कॉलोनी, आगरा के शास्त्रीपुरम चौराहे पर

पहुँच गए। श्री नवीन अरोड़ा ने क्रमश: श्री साहब रशीद खान, अपर पुलिस अधीक्षक, श्री बिजेन्दर सिंह त्यागी, निरीक्षक, श्री अरविंद कुमार, हेड कांस्टेबल तथा अपने ही नेतृत्व में 04 दलों का गठन किया। उन्होंने नीरज सिंह को गिरफ्तार करने की रणनीति बनाई और दलों को उनके मोर्चे पर तैनात कर दिया। लगभग 0445 बजे मुखबिर ने सड़क पर आते हुए एक व्यक्ति की अपराधी नीरज सिंह के रूप में पहचान की। श्री नवीन अरोड़ा ने उसे रूकने के लिए ललकारा परन्तु बदले में उसने एस एस पी को मारने के लिए उसपर गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन सतर्क नवीन अरोड़ा बाल-बाल बच गए।

श्री साहब रशीद खान और उसके दल के साथी भी अपने मोर्चे से अपराधी को घेरने के लिए आगे बढ़े, परन्तु चालाक नीरज ने उनकी गतिविधि को धत्ता बता दिया और उनपर लक्षित गोलीबारी शुरू कर दी तथा तेजी से रोड डिवाइडर को छलाँगते हुए अपना मोर्चा संभाल लिया। श्री नवीन अरोड़ा और श्री साहब रशीद खान अपने दल के साथियों एस आई देवेश सिंह, एस आई विकास कुमार पाण्डेय, एस आई गजेन्द्र पाल सिंह, एच सी अजय त्रिपाठी के साथ कुशल युद्धनीतिक कला का परिचय देते हुए अपराधी नीरज सिंह की ओर रेंगते हुए बढ़ते रहे जो निरन्तर गोलीबारी कर रहा था और चिल्ला रहा था कि 'मैने हाल में दो पुलिसकर्मियों को मार दिया।

हालांकि नीरज सिंह पुलिस कर्मियों पर उन्हें मारने के निश्चित ईरादे से निरन्तर गोलीबारी कर रहा था, श्री नवीन अरोड़ा ने संयम बरती और पुलिस दल का साहस बढ़ाते रहे, जिन्होंने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया तथा अपने जान-माल की सुरक्षा एवं संरक्षा की परवाह किए वगैर रणनीतिपूर्वक और साहस से तथा अपराधी को जिंदा गिरफ्तार करने की मंशा से उसकी गोलीबारी की सीमा में बढ़ गए और अपनी आत्मरक्षा में सीमित गोलीबारी करते रहे, जिसके कारण वह घायल होकर गिर गया। अपराधी नीरज सिंह के साथ खुले स्थान में इस भयंकर एवं आमने-सामने की दुष्कर मुठभेड़ के बाद, जब सतर्कतापूर्वक नजदीक से देखा गया तो वह मृत पाया गया। निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए थे:-

1. 9 मि.मी. बोर की एक पिस्तौल, 10 जिंदा कारतूस और 03 खाली खोखे
2. 315 बोर की एक देशी पिस्तौल, 03 जिंदा कारतूस और 03 खाली खोखे

इस मुठभेड़ में सर्वश्री साहब रशीद खान, अपर पुलिस अधीक्षक, बिजेन्दर सिंह त्यागी, निरीक्षक, देवेश सिंह, उप निरीक्षक, विकास कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक, गजेन्द्र पाल सिंह, उप-निरीक्षक एवं अजय प्रकाश त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 03.05.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 64-प्रेज/2012- राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. विजय प्रकाश,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

02. त्रिवेणी सिंह,
उप पुलिस अधीक्षक

03. अनिल कुमार,
उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आफताब उर्फ शानू बोस एक खूँखार अपराधी था जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पचास हजार रूपए के ईनाम की घोषणा की थी। वह हत्या एवं अन्य जघन्य अपराधों के दो दर्जन से अधिक मामलों में संलिप्त था।

दिनांक 30.01.2011 को बरेली में खुफिया जानकारी एकत्रित करने के दौरान, विजय प्रकाश, एस एस पी एस टी एफ को संक्षिप्त जानकारी मिली कि उक्त शानू बोस अपने पूर्ण सशस्त्र साथियों के साथ यूपी-78बीएम-8150 नंबर प्लेट की एक आई-10 कार में बरेली से कानपुर जाएगा। इसपर दो दल तैयार किए गए। एक दल का नेतृत्व एस एस पी विजय प्रकाश और दूसरे का डिप्टी एस पी त्रिवेणी सिंह द्वारा किया गया। दोनों दलों ने उक्त कार की प्रतीक्षा में शिवराजपुर गांव से 03 कि.मी. दूर अपना मोर्चा संभाल लिया। लगभग 0610 बजे सबेरे एक कार को देखा गया जिसमें 03 व्यक्ति बैठे थे। जब बाधा डाली गई, तो उसने अपनी गति बढ़ा दी और एक तंग रास्ते पर मुड़ते हुए संभलपुर की ओर दक्षिण दिशा में मुड़ गए। विजय प्रकाश ने कार का पीछा किया और जब उसके वाहन ने बांयी तरफ से उससे आगे निकलने की कोशिश की तो जोखिम का अंदाजा न हो पाने के कारण, उसके वाहन की कार से टक्कर हो गई जो सड़क के किनारे पड़े लकड़ी के लट्ठों से जा टकराई और रूक गई। तीन अपराधी कार से बाहर निकल आए और लट्ठों एवं कार के पीछे अपना मोर्चा संभाल लिया। एस एस पी ने उन्हें आत्मसमर्पण के लिए चेतावनी दी। प्रत्युत्तर में, अपराधियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उनमें से एक गोली उनके बिल्कुल पास से निकली और सरकारी वाहन के दरवाजे से जा टकराई। अपराधियों के भाग जाने की शंका को भांपते हुए, एस एस पी ने बिना किसी कवच अथवा मोर्चा के आत्मरक्षा में गोली चलाते हुए आगे बढ़ते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्णय लिया। डिप्टी एस पी त्रिवेणी सिंह ने भी एस आई अनिल कुमार के साथ, आत्मरक्षा में गोली चलाते हुए आगे बढ़ते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्णय लिया। डिप्टी एस पी त्रिवेणी सिंह भी एस आई अनिल कुमार के साथ, आत्मरक्षा में गोली चलाते हुए और अपराधियों को आत्मसमर्पण की चेतावनी देते हुए आगे बढ़े। उनमें से एक अपराधी ने पड़े हुए लट्ठों के पीछे और अन्य दोनों ने पेड़ों के पीछे मोर्चा संभाल लिया तथा पुलिस दलों पर लगातार गोलीबारी करते रहे। वे निरन्तर अपनी स्थिति बदल रहे थे। इस मुठभेड़ में, उनमें से एक अपराधी, जो लट्ठों के पीछे मोर्चा संभालकर गोली चला रहा था, को गोली लग गई और वह बच निकलने की कोशिश करने लगा। श्री विजय प्रकाश उसकी ओर लपके, इसपर दोनों सहयोगियों ने श्री विजय प्रकाश, श्री त्रिवेणी सिंह और श्री अनिल कुमार एस आई पर निशाना साधते हुए भारी गोलीबारी शुरू कर दी। भारी गोलीबारी का सामना करते हुए वे आगे बढ़ते रहे जबकि दो साथी अंधेरे में भाग निकले। घायल अपराधी की पहचान शानू बोस के रूप में हुई थी, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ वह मर गया। 01 पिस्तौल, 01 जिंदा कारतूस और 32 बोर के 15 खाली खोखे, .315 बोर के 06 खाली खोखे बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री विजय प्रकाश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, त्रिवेणी सिंह, उप पुलिस अधीक्षक और अनिल कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 31/01/2011 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 65-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. विजय भूषण,
अपर पुलिस अधीक्षक

02. गिरजा शंकर त्रिपाठी,
निरीक्षक

03. विजय प्रताप सिंह,
सिपाही

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04/06/2010 को श्री विजय भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक वाराणसी को जब सूचना मिली कि वाराणसी के शहरी क्षेत्र में कुछ जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए खूँखार अपराधी संतोष कुमार गुप्ता, जिसपर 1,50,000/- रूपए का इनाम रखा गया है, चल पड़ा है तो वे तत्काल हरकत में आ गए। श्री विजय भूषण ने श्री गिरजा शंकर त्रिपाठी, निरीक्षक चेतगंज को उनके दल के साथ बुलाया, अपराधियों को पकड़ने की योजना बनाई और दो दलों का गठन किया गया। दोनों दलों को चौकाघाट और तेलियागंज तिराहा दोनों जगहों पर वाहनों की गहन जांच करने के लिए रणनीतिक रूप से तैनात कर दिया गया ।

लगभग 2400 बजे, सिटी रेलवे स्टेशन की तरफ से एक मारूति कार को चौकाघाट की ओर आते देखा गया था और जैसे ही पुलिस दल ने इसे रूकने का निर्देश दिया, अपराधियों ने पुलिस दल पर गोलियां चला दीं और तेजी से तेलियागंज तिराहे की ओर भाग चले। इसकी जानकारी मिलने पर, अपर पुलिस अधीक्षक अपने दल के साथ चौकाघाट की ओर बढ़ गए और जब तेज गति से चल रही मारूति कार उनके पास आई तो निरीक्षक चेतगंज ने कुशलतापूर्वक अपनी बोलेरो कार आगे कर दी और मारूति कार को आगे बढ़ने से रोक दिया तथा अपर पुलिस अधीक्षक ने बुद्धिमतापूर्वक परेशानहाल अपराधियों को घेर लिया। अपनेआप को पुलिस से घिरा हुआ पाकर, उन्होंने पुलिस दल पर लगातार गोलीबारी शुरू कर दी और उनकी निरन्तर गोलियां बोलेरो कार के आगे के शीशे को तोड़ती हुई सीट में घुस गई। अपर पुलिस अधीक्षक और निरीक्षक चेतगंज सावधानीपूर्वक वाहन से निकल गए, एक नजदीकी मंदिर के पीछे मोर्चा संभाल लिया और आत्मसमर्पण करने के लिए अपराधियों को चेतावनी दी। परन्तु उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां बरसाने का दु:साहस जारी रखा। अपर पुलिस अधीक्षक चालाकी से अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए उनकी ओर बढ़े, तभी अचानक अपराधियों ने उन्हें देख लिया और निरन्तर गोलीबारी शुरू कर दी। इस परिस्थिति में, अपर पुलिस अधीक्षक निडर बने रहे और उन्होंने हमले का बहादुरी से सामना किया। अपराधियों के इस आक्रमण के विरूद्ध, अदम्य साहस और अपने विलक्षण नेतृत्व के साथ उन्होंने निरीक्षक चेतगंज, श्री अमरेश कुमार सिंह बघेल, उप निरीक्षक और श्री विजय प्रताप सिंह, सिपाही के साथ मिलकर अपनी जान को जोखिम में डालकर तथा बहादुरी का परिचय देते हुए अपराधियों के विरूद्ध जंग छेड़ दी और अपराधियों की गोलीबारी के दायरे में आगे बढ़े तथा आत्मरक्षा में गोलियाँ चलाते हुए उन्हें चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप अपराधी पस्त होकर गिर गए और घायल हो गए। बाद में दोनों अपराधियों को मृत घोषित कर दिया गया। उनमें से एक अपराधी की पहचान ऊपरवर्णित अपराधी संतोष कुमार गुप्ता के रूप में की गई और दूसरे की पहचान खूँखार अपराधी संतोष सिंह के रूप में की गई थी। निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए थे:-

1. अमेरिका निर्मित एक पिस्तौल, 09 कारतूस और .450 बोर के 17 खाली खोखे
2. फैक्ट्री निर्मित एक पिस्तौल, 05 कारतूस और 9 मि.मी. बोर के 07 खाली खोखे

इस मुठभेड़ में सर्वश्री विजय भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक, गिरजा शंकर त्रिपाठी, निरीक्षक और विजय प्रताप सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 04/06/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 66-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. दीपक कुमार,
सहायक पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

02. विजय भूषण,
अपर पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

03. समरजीत सिंह,
उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.12.2008 को श्री विजय भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद को जानकारी मिली कि दुर्दान्त डाकू नीरज गुप्ता और पवन यादव, जिनमें से प्रत्येक पर 10,000/- रूपए का ईनाम था, वसुन्धरा क्षेत्र में कुछ जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए आ रहा है, तो वे तुरन्त हरकत में आ गए। श्री विजय भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक ने इसकी सूचना श्री दीपक कुमार, असि. एस पी, श्री समरजीत सिंह, एस आई/एसओ इंदिरापुरम, एसओ पंतनगर, उत्तराखण्ड को दी और उपलब्ध पुलिस बल के साथ तैयार रहने को कहा तथा इस जानकारी के आधार पर दो दलों का गठन किया। प्रथम दल का नेतृत्व श्री समरजीत सिंह, एस आई द्वारा और दूसरे दल का नेतृत्व स्वयं एडि. एस पी और ए एस पी ने किया तथा उनकी कमान में पुलिस दल लगभग 2150 बजे सी आई एस एफ-वसुन्धरा रोड पर वसुन्धरा की पुलिस सीमा चौकी पर पहुँच गया। एडि. एस पी और ए एस पी ने स्थल का निरीक्षण किया और दलों को रणनीतिपूर्वक तैनात किया तथा सीमा चौकी पर अपना-अपना मोर्चा संभाल लिया और वाहनों की तलाशी शुरू कर दी।

लगभग 2335 बजे सी आई एस एफ की तरफ से दो सवारों के साथ एक मोटर साइकिल को तेज गति से आते हुए देखा गया और जब वे नजदीक आ गए तो मुखबीर द्वारा उनकी पहचान वांछित अपराधियों के रूप में की गई। तब पुलिस दल ने उन्हें रूकने का ईशारा किया,

हालांकि मोटर साइकिल सवारों ने गति को थोड़ा धीमा किया, लेकिन चालाक अपराधियों ने पुलिस दल को मारने के लिए उनकी तरफ दु:साहसपूर्वक और ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी, जिससे पुलिस दल बाल-बाल बच गया। श्री विजय भूषण एडि. एस पी, श्री दीपक कुमार, ए एस पी और पुलिस दलों ने उनकी कमान के तहत तीव्रता से अपराधियों की गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस चौकी के पास घेरा डाल दिया। दोनों धूर्त अपराधियों ने अचानक सेक्टर-5 की तरफ तेजी से भागने के लिए अपनी मोटर साइकिल को मोड़ने की कोशिश की, परन्तु मोटर साइकिल फिसल गई। अपराधियों ने उसे छोड़ दिया और ईंट-रेत के ढेर के पीछे अपना मोर्चा संभाल लिया तथा निरन्तर आक्रामक गोलीबारी करते रहे, जिसमें से एक गोली श्री विजय भूषण के कान के एकदम पास से निकल गई और वे थर्रा गए परन्तु बच गए। बिल्कुल सामने अपराधियों की खतरनाक आक्रामक गोलीबारी के बीच और उसके सामने पुलिस दल की सुरक्षा को भांपते हुए, एडि. एस पी और श्री दीपक कुमार, ए एस पी ने अपराधियों को जिंदा गिरफ्तार करने के लिए दृढ़ निश्चय रहे और डटे रहे। उनहोंने उच्च कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए, निडर होकर हमले का सामना किया और उनके साथ श्री समरजीत सिंह एस आई, उनकी गोलीबारी के दायरे में रणकौशल से आगे बढ़ते रहे तथा अपनी आत्मरक्षा में गोलीबारी जारी रखी, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 0025 बजे अपराधी घायल होकर गिर गए। जब उन्हें नजदीक से देखा गया तो खुले में हुई इस आमने-सामने की भीषण लड़ाई में वे मृत पाए गए। अपराधियों के पास से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए:-

1. एक फैक्ट्री निर्मित पिस्तौल स्वचालित यू एस ए निर्मित-01, जिंदा कारतूस और .32 बोर का 01 खाली खोखा
2. एक देशी पिस्तौल, 04 जिंदा कारतूस और 315 बोर का एक खाली खोखा

इस मुठभेड़ में सर्वश्री दीपक कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक, विजय भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक और समरजीत सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 22/12/2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 67-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. रविन्द्र नाथ राय,
उप निरीक्षक

02. ब्रिजेश सिंह,
सिपाही

03. योगेन्द्र कुमार,
सिपाही

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.05.2010 को जब एस ओ गाजीपुर अपने पुलिस दल के साथ गश्त लगा रहे थे, तब खुर्रमनगर चौराहे पर उनकी मुलाकात धनउगाही-रोधी प्रकोष्ठ के एक दल के साथ हुई जो किसी घटना के बारे में चर्चा कर रहे थे। चर्चा के दौरान एक महत्वपूर्ण जानकारी मिली कि खूँखार डाकू बिचौली (जिसपर 1,00,000/- रूपए का ईनाम था) पिकनिक स्थल से जंगल होते हुए गुदाम्बा की ओर की सड़क पर पानी टंकी के मलबे में उपस्थित है और किसी सनसनीखेज अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इस जानकारी पर विश्वास करते हुए तत्काल तीन दलों को गठित किया गया। प्रथम दल का नेतृत्व एस ओ गाजीपुर द्वारा, दूसरे का एस आई रविन्द्र नाथ राय द्वारा और तीसरे का एस आई राम मूर्ति यादव द्वारा किया गया। संक्षिप्त जानकारी के आदान-प्रदान के बाद, दलें 2120 बजे मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान के लिए खुर्रमनगर चौराहे की ओर रवाना हो गई। एस ओ गाजीपुर के नेतृत्व में प्रथम दल ने पूर्वोत्तर गेट पर और एस आई रविन्द्र नाथ राय के नेतृत्व में दूसरे दल ने पश्चिमोत्तर गेट पर मोर्चा संभाल लिया तथा तीसरे दल को कवच प्रदान किए जाने हेतु रिजर्व में रखा गया। जब एस ओ गाजीपुर मलबे तक पहुँचने के करीब थे, तब उन्होंने अपराधियों की पदचाप सुनीं। उन्होंने यह जानना चाहा कि वे लोग कौन हैं। इस पर अपराधियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। अपराधियों द्वारा चलाई गई एक गोली एस ओ के बुलेट प्रूफ जैकेट से टकराई। उन्होंने दूसरे दल को तुरन्त मोर्चा संभालने के लिए कहा और अपराधियों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी। अपराधियों ने चेतावानी को कोई तरजीह नहीं दी और गोलीबारी जारी रखी। दूसरे दल के एस आई रविन्द्र नाथ राय, सिपाही ब्रिजेश सिंह और योगेन्द्र कुमार इत्यादि ने आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली एस आई रविन्द्र नाथ राय के बुलेट प्रूफ जैकेट से टकराई और सिपाही ब्रिजेश सिंह और सिपाही योगेन्द्र कुमार बाल-बाल बच गए। पुलिस दल ने अपनी जान की परवाह किए बगैर आत्मरक्षा के साथ अपराधी की गोलीबारी की ओर बढ़ना जारी रखा। इस दौरान खूँखार डाकू बिचौली मारा गया था । डाकू के पास से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए:-

1. एक फैक्ट्री निर्मित राइफल, 03 जिंदा कारतूस और 315 बोर के 10 खाली खोखे
2. 315 बोर की एक देशी राइफल
3. एक पिस्तौल, 15 जिंदा कारतूस और 7.65 के 05 खाली खोखे

इस मुठभेड़ में सर्वश्री रविन्द्र नाथ राय, उप निरीक्षक, ब्रिजेश सिंह, सिपाही एवं योगेन्द्र कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 25/05/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 68-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. रविन्द्र कुमार वशिष्ठ,
उप निरीक्षक

02. वकील अहमद
सिपाही (मरणोपरान्त)

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 30.11.2005 को 0710 बजे श्री रविन्द्र कुमार वशिष्ठ, एस आई/इंचार्ज स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, बागपत को खूँखार अपराधी धर्मेन्द्र और उसके साथ उसके तीन साथियों के बारे में जानकारी मिली कि वे गांव के आसपास छुपे हुए थे और बड़का रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा 0820 बजे जा रहे थे। जानकारी अत्यन्त विश्वसनीय मुखबीर से मिली थी, इसलिए श्री वशिष्ठ अपने पुलिस दल, कांस्टेबल वकील अहमद, कांस्टेबल नीतेन्द्र, कांस्टेबल योगेन्द्र के साथ तत्काल पुलिस स्टेशन बडौत की ओर अतिरिक्त बल के लिए चल पड़े परन्तु इंस्पेक्टर वहां मौजूद नहीं थे। एस एच ओ की अनुपस्थिति में और तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा में एस ओ जी आई/सी श्री वशिष्ठ तत्काल अपने पुलिस दल और मुखबीर के साथ बड़का रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ गए। वे बड़का रेलवे स्टेशन पहुँच गए और अपने-आपको छुपाकर अपराधियों की प्रतीक्षा करने लगे। 15 मिनट के बाद चार व्यक्ति दक्षिण की ओर से आ रहे थे। उनको देखकर मुखबिर ने उनकी पहचान कर ली और कहा कि सभी के पास हथियार और गोलाबारूद हैं। श्री वशिष्ठ ने पुलिस दल को अपराधियों को गिरफ्तार करने का निदेश दिया। जैसे ही अपराधी पुलिस दल के पास

पहुँचे, एस ओ जी टीम छुपने के स्थान से बाहर आ गई, उन्हें घेर लिया और आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी। अचानक अपराधियों ने पुलिस दल पर उन्हें मारने के ईरादे से गोलियां चला दी। अपराधियों की एक गोली श्री आर.के. वशिष्ठ के दाहिने पैर में लगी। एस ओ जी इंचार्ज घायल हो गए और उनकी पार्टी अपराधियों की ओर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आगे बढ़ी। जैसे ही वे अपराधियों के पास पहुँचे, कांस्टेबल वकील अहमद ने परवेन्द्र नामक एक अपराधी को पकड़ लिया। उसी समय खूँखार अपराधी धर्मेन्द्र ने कांस्टेबल वकील अहमद पर गोली चला दी। कांस्टेबल वकील अहमद बुरी तरह घायल हो गए और जमीन पर गिर गए। एस ओ जी इंचार्ज श्री वशिष्ठ ने कांस्टेबल को घायल होता देखकर मरने या मारने की स्थिति को भांप लिया और श्री वशिष्ठ ने अपने पुलिस दल के साथ मिलकर अपने जान की परवाह किए बगैर आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। इस भयंकर और आमने-सामने की मुठभेड़ में खूंखार अपराधी धर्मेन्द्र मारा गया था और 01 देशी पिस्तौल, 02 जिंदा कारतूस तथा 315 बोर का 01 खाली खोखा बरामद किया गया था। तीन अन्य अपराधी भागने में सफल हो गए थे।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री रविन्द्र कुमार वशिष्ठ, उप निरीक्षक और स्वर्गीय वकील अहमद, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30.11.2005 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 69-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. फतेह सिंह,
नायब सूबेदार

02. के. सुरेन्द्रो सिंह,
राइफलमैन

03. एल. अमरजीत सिंह,
राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

एक महीने की लम्बी अवधि की आसूचना जानकारी के बाद, 13/14 मई, 2010 को खम्बथेल के रिजर्व वन क्षेत्र में 08-10 सशस्त्र खूंखार आतंकवादियों की गतिविधि के संबंध में मेजर एस. कार्तिक राजा को वास्तविक जानकारी मिली थी।

योजनानुसार उनसे सम्पर्क साधने के लिए कई बार गश्त लगाई गई थी। उनमें से एक दल नायब सूबेदार जनरल ड्यूटी फतेह सिंह के कमान के तहत था। जब यह दल 14 मई, 2010 को लगभग 0025 बजे आगे बढ़ा, तो वह आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के चपेट में आ गया। नायब सूबेदार जनरल ड्यूटी फतेह सिंह के साथी राइफलमैन जनरल ड्यूटी के. सुरेन्द्रो सिंह ने तत्काल प्रतिक्रिया दिखाई और जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर पर कूद पड़े तथा बचाव के लिए उन्हें एक तरफ धकेल दिया। उसके बाद आक्रामक तेवर दिखाते हुए निडर सैनिक ने अपने जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर के साथ आतंकवादियों को मार गिराने के लिए उन पर लक्षित गोलीबारी शुरु कर दी। जूनियर कमीशन्ड आफिसर ने सच्चे नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए अपने संयम को बनाए रखा और आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बीच अपने दल को तैनात किया, जबकि रेडियो सेट के माध्यम इसके बारे में अपने कम्पनी कमाण्डर को भी सूचित कर दिया।

इसके बाद उन्होंने युक्तिपूर्वक परिस्थिति का अध्ययन किया और एक टीले के पीछे लाभदायक मोर्चे की तलाश के लिए नाइट विजन डिवाइस का प्रयोग किया। युक्तिपूर्ण चतुराई का परिचय देते हुए, जूनियर कमीशन्ड आफिसर ने अन्य दलों के साथ समन्वय स्थापित किया और अपनी टुकड़ियों का संचालन करते हुए भारी गोलीबारी तथा प्रतिकूल मौसम के बीच दुर्गम वन की तराई में एक टीले तक पहुँचने में उनका नेतृत्व किया। इसके बाद उन्होंने टुकड़ियों को संभावित बचाव के मार्गों पर तैनात किया, जबकि उनके कम्पनी कमाण्डर के दल के साथ भयंकर लड़ाई चल रही थी।

इस बीच जब मेजर एस. कार्तिक राजा की टीम सम्पर्क स्थल की ओर बढ़ रही थी, तभी प्रबलन राइफलमैन जनरल ड्यूटी एल. अमरजीत सिंह, अधिकारी के साथी, ने 08-10 आतंकवादियों को एक शिलाखण्ड की आड़ में जाते देखा। उसने तत्काल कम्पनी कमाण्डर को सतर्क कर दिया और चुनौती दिए जाने पर जैसे ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरु की, राइफलमैन जनरल ड्यूटी एल. अमरजीत सिंह ने अपने कम्पनी कमाण्डर के साथ-साथ आक्रामक तेवर का प्रदर्शन किया और अपने निजी हथियार से जवाबी कार्रवाई की। आतंकवादियों ने निरन्तर गोलीबारी जारी रखी और सम्पर्क विच्छेद करने के लिए हथगोले फेंके। निडर सैनिक ने अपने कम्पनी कमाण्डर के साथ भाग रहे आतंकवादियों का भरसक पीछा किया। वे टीले पर दौड़ पड़े और घात लगाए हुए आतंकवादियों के निकट सम्पर्क में पहुँचने के लिए घनी झाड़ियों से होते हुए नीचे की ओर खिसकने लगे। उन्होंने लगातार अपने कम्पनी कमाण्डर को सुरक्षात्मक गोलीबारी प्रदान की और आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया। भयंकर गोलीबारी की लड़ाई के परिणामस्वरूप तीन खूँखार आतंकवादी मार गिराए गए।

कुछ देर बाद, आतंकवादियों ने अंधेरे एवं प्रतिकूल मौसम का फायदा उठाकर सम्पर्क तोड़ने की कोशिश की, परन्तु उन्हें नायब सूबेदार जनरल ड्यूटी फतेह सिंह के दल की चतुरतापूर्ण घेरेबंदी द्वारा उलझाए रखा गया। उन्होंने आक्रामक गोलीबारी शुरु कर दी और घेरे को तोड़ने की कोशिश की। जूनियर कमीशंड आफिसर संयमित रहे और आतंकवादियों का पता लगाने के लिए

मोर्टार प्रदीप्त करने के लिए कहा तथा जैसे ही राइफलमैन जनरल ड्यूटी के. सुरेन्द्र सिंह अनुकूल स्थान पर पहुँचे उन्होंने अदम्य वीरता तथा पहल का परिचय दिया और रेंगने लगे तथा एक 51 मिमी. मोर्टार ट्यूब को उठा लिया और आतंकवादियों पर रोशनी करने के लिए लगातार मोर्टार से गोलाबारी शुरु कर दी। बंदूकी लड़ाई शुरू हो गई और जूनियर कमीशंड आफिसर ने व्यक्तिगत तौर पर काफी नजदीक से दो आतंकवादियों को मार गिराते हुए अपनी निशानेबाजी के कौशल का परिचय दिया।

इस साहसिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप पाँच खूँखार आतंकवादियों को मार गिराया गया और निम्नलिखित अस्त्र-शस्त्र, युद्धक भंडार तथा अभिशंसी दस्तावेजों की बरामदगी हुई:-

क)	एम-16 राइफल	:	2
ख)	एम-15 राइफल	:	1
ग)	ए के -47 राइफल	:	2
घ)	मैगजीन एम सीरीज राइफल	:	3
ड.)	मैगजीन ए के सीरीज राइफल	:	2
च)	जिंदा एम सीरीज गोलाबारुद	:	362
छ)	जिंदा ए के सीरीज गोलाबारुद	:	173
ज)	एके गोलाबारुद के खाली खोखे	:	127
झ)	एम सीरीज गोलाबारुद के खाली खोखे	:	142
ञ)	ड्राइविंग लाइसेंस	:	1
ट)	स्टाम्प (विंग कमाण्डर पी आर ए)	:	1
ठ)	गोलाबारुद के पाऊच	:	5
ड)	मतदाता पहचान पत्र	:	1
ढ.)	वाहन के दस्तावेज	:	1
ण)	पल्सर बाइक एम एन-04 1714 की नेम प्लेट		

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री फतेह सिंह, नायब सूबेदार, के. सुरेन्द्रो सिंह, राइफलमैन और एल. अमरजीत सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 14.05.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 70-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संधाम अजेन सिंह,
राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

राइफलमैन (जनरल ड्यूटी) संधाम अजेन सिंह एक सक्रिय, जुझारु सैनिक हैं और नवम्बर 2008 से 34 असम राइफल्स के घातक पलटन का हिस्सा हैं तथा कई सफल अभियानों में व्यक्तिगत रूप से शामिल रहे हैं।

दिनांक 27 अक्टूबर, 2009 को वे मेजर टी.जे. सिंह, 21 पी ए आर ए (एस एफ) के एस सी के अधीन 34 असम राइफल्स तथा 21 पी ए आर ए (एस एफ) के संयुक्त दस्ते का हिस्सा थे जिसने फौरांगचिंग गांव में निगरानी एवं घात लगा रखी थी। जब यह दस्ता चुपके से नए स्थान की ओर बढ़ रहा था, तब वह पहाड़ की चोटी की तरफ से भारी गोलीबारी से घिर गया जिसमें स्वचालित हथियार और लेथोड चक्र शामिल थे। इस गोलीबारी के दौरान, मेजर टी.जे. सिंह, एस सी को पेट में गोली लग गई। राइफलमैन (जनरल ड्यूटी) संधाम अजेन सिंह ने उत्कृष्ट रणकौशल का परिचय दते हुए अपनी स्थिति को बदला, जिसमें उन्होंने कुछ आतंकवादियों को रिज लाइन पर देखा। राइफलमैन संधाम अजेन सिंह अपने साथी के साथ तत्काल उस स्थान की तरफ बढ़े, उनकी इस गतिविधि को आतंकवादियों ने देख लिया था और उन्होंने लेथोड गोलियां चलाईं जिससे राइफलमैन संधाम अजेन सिंह और उसके साथी गोलियों के छर्रे से घायल हो गए। अपने कूल्हे पर जख्म होने के बावजूद, जिसने उनकी गतिविधि को कठिन बना दिया था, राइफलमैन संधाम अजेन सिंह ने दुश्मन की गोलीबारी से डरे बगैर और अपने जान को खतरे में देखकर भी अपना मोर्चा फिर से संभाला और सटीक निशाना साधकर एक आतंकवादी को उसी स्थान पर ढ़ेर कर दिया। बाद में एक आतंकवादी की जख्मी होने की वजह से मृत्यु हो गयी और चार अन्य बुरी तरह घायल हो गए थे। राइफलमैन संधाम अजेन सिंह की इस बहादुरीपूर्ण कार्रवाई से अन्य आतंकवादी भागने पर मजबूर हो गए जिससे वे अपने दल के सदस्यों की जान बचा सके और हताहतों को हवाई मार्ग के जरिए बाहर निकालना संभव हो सका। इस कार्रवाई में मारे गए आतंकवादी, घायल हुए आतंकवादी और की गयी बरामदगी इस प्रकार है:-

मारे गए आतंकवादी

(क) स्वयंभू सार्जेण्ट नॉंगनाइथेम हेम्बा, पी एल ए (पीपुल लिबरेशन आर्मी) ग्रुप।
(ख) पी एल ए (पीपुल लिबरेशन आर्मी) ग्रुप का अज्ञात आतंकवादी।

<u>घायल हुए आतंकवादी:</u> इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर इन्टरसेप्ट से चार काडरों के बुरी तरह जख्मी होने की पुष्टि हुई।

<u>की गयी बरामदगी:</u>

(क)	ए के -47 राइफल	-	1
(ख)	एके-47 मैगजीन	-	2
(ग)	ए के – 47 जिंदा राउंड	-	21
(घ)	ए के -47 खाली खोखे	-	50
(ड.)	लेथोड के चलाए गए खोखे	-	2
(च)	ग्रेनेड पिन	-	1
(छ)	लेदर पर्स	-	1
(ज)	नगद	-	500/-रूपए
(झ)	पाऊच	-	1
(ञ)	पॉकेट डायरी	-	1

इस मुठभेड़ में श्री संधाम अजेन सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 27.10.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 71-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री सेन्ती रेंबा,
राइफलमैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:</u>

राइफलमैन सेन्ती रेंबा (सामान्य ड्यूटी) अत्यधिक उत्साही पेशेवर और कर्मठ सैनिक हैं। दिनांक 15 अप्रैल, 2011 को, फॉरेस्ट कॉलोनी जी आर आर जी 536833, कोहिमा के एक मकान में हथियारबंद काडरों के होने के बारे में विशिष्ट जानकारी मिलने पर, 0410 बजे पुलिस प्रतिनिधि के साथ एक तलाशी कार्रवाई शुरु की गई थी। इस व्यक्ति ने, अपनी असाधारण

बहादुरी का परिचय देते हुए संभावित बचाव के मार्गों को कवर करने हेतु स्वयं को तैनात किया। भूमिगत व्यक्ति सतर्क हो गए और 02 व्यक्ति मकान से बच निकलने के लिए दीवार के पार फाँद गए।

स्थिति के भयानक दबाव के तहत होने के बावजूद, इस व्यक्ति ने अपने साथी के साथ, भाग रहे उन दोनों भूमिगतों को पकड़ने के लिए अत्यधिक जोखिम उठाया। बाद में मकान की तलाशी लेने पर विभिन्न हथियार और गोलाबारुद बरामद हुए।

दिनांक 18 अप्रैल, 2011 को एक विशिष्ट जानकारी के आधार पर, भूमिगतों को पकड़ने के लिए रझु प्वाइंट, कोहिमा में 1300 बजे एक कार्रवाई शुरू की गई थी। सैन्यटुकड़ियों को देखकर दो भूमिगतों ने भागने की कोशिश की। अदम्य साहस का परिचय देते हुए, इस व्यक्ति ने अपने साथी के साथ उन दोनों का पीछा किया और उन्हें अपने कब्जे में ले लिया तथा उनके पास से असले के साथ एक पिस्तौल बरामद किया।

<u>दिनांक 15 अप्रैल, 20011 को की गई बरामदगी</u>

(क)	मैगजीन के साथ ए के – 47 राइफल	-	एक
(ख)	मैगजीन के साथ एम-16 राइफल	-	एक
(ग)	12 बोर गन	-	एक
(घ)	बैरल रहित प्वाइंट 22 गन	-	एक
(ड.)	मैगजीन के साथ 7.65 मिमी. पिस्तौल	-	दो
(च)	मैगजीन के साथ प्वाइंट 22 पिस्तौल (चीन निर्मित)	-	एक
(छ)	मैगजीन के साथ प्वाइंट 9 मिमी. पिस्तौल (स्वदेशी)	-	एक
(ज)	प्वाइंट 9 मिमी. पिस्तौल	-	एक
(झ)	5.56 मिमी. इन्सास राइफल के जिंदा राउंड	-	20
( )	9 मिमी. पिस्तौल के जिंदा राउंड	-	10
(ट)	7.65 मिमी. पिस्तौल के जिंदा राउंड	-	एक
(ठ)	एके 47 के जिंदा राउंड	-	25
(ड)	प्वाइंट 22 पिस्तौल के जिंदा कारतूस	-	41
(ढ़)	5.56 मिमी. जिंदा राउंड (अज्ञात)	-	एक
(ण)	लीड के साथ सी सी टी वी कैमरा	-	एक
(त)	मोबाइल फोन	-	आठ
(थ)	जूते के साथ वर्दी	-	दो जोड़े
(द)	भूमिगत काडर	-	दो

दिनांक 18 अप्रैल, 2011 को की गई बरामदगी

(क)	मैगजीन के साथ 7.65 मिमी. पिस्तौल	-	एक
(ख)	जिंदा राउंड 7.65 मि.मी पिस्तौल	-	छः
(ग)	भूमिगत काडर	-	दो

इस मुठभेड़ में श्री सेन्ती रेंबा, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 15.04.2011 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 72-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

सुश्री मैरी ह्रंगुल
उप कमांडेंट (एस एम ओ)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

उप कमांडेंट मैरी ह्रंगुल को दिनांक 18 जनवरी 2003 को असम राइफल्स में प्रथम महिला चिकित्सा अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्होंने साढ़े आठ साल की निस्वार्थ, समर्पित और सत्यनिष्ठा से सेवा की है। उन्होंने दिनांक 29 जून 2011 को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी एल ए) के अतिवांछित कैडरों में से एक, आर्मी नं. 1427 सार्जेंट मेजर लोइटोंगबाम सानोटोम्बा सिंह, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) के राजस्व अधिकारी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अंडरग्राउंड कैडर के पुत्र के नाम और जिस स्कूल में वह पढ़ रहा था उसके नाम के संबंध में अपूर्ण और अल्प सूचना के आधार पर, बालक की पहचान करने और इसके आधार पर उसके पिता का पता लगाने के लिए एक अभियान चलाया गया। दिनांक 25 जून, 2011 को उप कमांडेंट मैरी ह्रंगुल ने स्वयं को एक गैर सरकारी संगठन (एन जी ओ) का प्रतिनिधि बताते हुए, बच्चों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षण की स्थिति के संबंध में सर्वेक्षण करने के लिए ब्यौरे एकत्र करते हुए सामान्य क्षेत्र के सभी इलाकों में गईं। स्थानीय भाषा और संस्कृति के अपने ज्ञापन का लाभ उठाते हुए, उन्होंने सामान्य रूप से सभी माता-पिताओं से बातचीत की और संदिग्ध बच्चे

के पिता से विशेष रूप से बातचीत की। इस प्रकार घर का विशेष रूप से सर्वेक्षण करने और अंडरग्राउड कैडर की पहचान करने के बाद वे संदिग्ध माता-पिता का विश्वास जीतने में सफल हो गईं।

दिनांक 29 जून, 2011 को उप कमांडेंट मैरी ह्रंगुल दुबारा उस घर में गईं और बच्चों को मिठाइयाँ दीं और उस मकान के अंदर जाने और बाहर जाने के रास्तों की टोह ली और उस मकान में अंडरग्राउंड कैडर की उपस्थिति की पुष्टि की।

स्थिति के महत्व और उसकी गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, उप कमांडेंट मैरी ह्रंगुल ने कुछ किलोमीटर की दूरी पर इंतजार कर रहे सैन्यदलों को तत्काल संकेत दे दिया। पुष्टि हो जाने के बाद सैन्य दलों ने मकान को घेर लिया और मकान में घुस गए। अंडर ग्राउंड काडर आश्चर्य चकित रह गया और शीघ्र ही उस पर काबू पा लिया गया।

पूछताछ करने पर उसने स्वयं को सार्जेंट मेजर लोइटोंगबाम सानोटोम्बा सिंह उर्फ चिंगलेनसाना, आयु 30 वर्ष, पुत्र कालीबाबू सिंह, निवासी लखीनगर, जिरीघाट बताया। वह रेवोल्यूशनरी पीपुल्स लिबरेशन (पीपुल्स लिबरेशनल आर्मी) का राजस्व अधिकारी था। वह व्यक्ति जिरीबाम और सिलचर क्षेत्र में जबरन धन वसूली की हाई प्रोफाइल गतिविधियों में लिप्त था। आगे और पूछताछ तथा तलाशी के परिणामस्वरूप 6,88,500/-रूपये (छह लाख अठासी हजार पाँच सौ) नकद और एक लैपटॉप जिसमें जबरन धन वसूली का ब्यौरा और अन्य अपराध संबंधी दस्तावेज थे, बरामद किए गए।

सार्जेंट मेजर लोइटोंगबाम सानोटोम्बा सिंह की गिरफ्तारी उस क्षेत्र में इस गुट की जबरन धन वसूली को भारी झटका थी।

इस मुठभेड़ में सुश्री मैरी ह्रंगुल, उप कमांडेंट (एस एम ओ) ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 29.06.2011 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 73-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जय किशन,
कांस्टेबल (मरणोपरान्त)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 14 मई, 2011 को कांस्टेबल जय किशन, कांस्टेबल योगेश सिंह और 'ई' कम्पनी के कांस्टेबल सतीश कुमार सहित सीमा जाँच चौकी, बुधवार जो कि अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है, के उत्तरदायित्व वाले क्षेत्र में नाका ड्यूटी पर थे। पाकिस्तान ने इस क्षेत्र से भारतीय भूभाग में आतंकवादियों की घुसपैठ करने के कई प्रयास किए हैं और स्वयं गश्त लगाकार पाक की ओर से गोलीबारी रोकना एक नियमित प्रक्रिया है। कांस्टेबल जय किशन, नाका कमांडर, अपनी लाइट मशीन गन (एल एम जी) लिए हुए और घुसपैठ के प्रयासों को रोकने के लिए क्षेत्र की सावधानीपूर्वक जाँच करते हुए नाका नं. 1 के आगे उस क्षेत्र का अवलोकन कर रहे थे। लगभग 1925 बजे संभवत: किसी स्निपर द्वारा चलाई गई गोली अचानक उनके सीने के निचले हिस्से में लग गई। गंभीर रूप से घायल होते हुए भी इस बहादुर सिपाही ने असाधारण प्रतिबद्धता और लड़ाकू साहसिकता का प्रदर्शन करते हुए पाक चौकी चंदर और मकबूल, जहाँ से गोली चलाई गई थी, की दिशा में अपनी एल एम जी घुमाते हुए तुरंत गोलियों की बौछार कर दी। नाका कमांडर के रूप में अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने असहनीय पीड़ा झेलते हुए धैर्य बनाए रखा और सतत रूप से उलझाए रखना सुनिश्चित करने के लिए कांस्टेबल योगेश सिंह को लक्ष्य बताया। उन्होंने स्वयं अपनी एल एम जी से गोलीबारी जारी रखी और जब तक वे बेहोश नहीं हो गए तब तक उन्होंने पाक पोजीशनों को उलझाए रखा। विश्वसनीय आसूचना रिपोर्टों के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा के दो खूंखार उग्रवादियों में से एक, जिसने कांस्टेबल जय किशन पर गोली चलाई थी, कांस्टेबल जय किशन द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गया था और बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

कांस्टेबल जय किशन के इस बहादुरीपूर्ण कृत्य से उत्साहित होकर उनके साथी कांस्टेबल योगेश कुमार ने भी पाक गोलीबारी के जबाव में भीषण गोलीबारी की। शुरू हुई इस जंग में एक अन्य पाक पोस्ट उमरानवाली ने भी हमारी सीमा जाँच चौकी, बुधवार और नाका स्थलों को लक्ष्य बनाते हुए नियमित अंतराल पर यूनिवर्सल मशीन गनों, लाइट मशीन गनों और अन्य स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल जय किशन द्वारा आरंभिक त्वरित जवाबी कार्रवाई तथा हमारी सीमा जाँच चौकी बुधवार और अन्य नाका स्थलों द्वारा उचित जवाबी कार्रवाई के फलस्वरूप पाक पक्ष को जानमाल की भारी क्षति हुई और जैसाकि बाद में आसूचना जानकारियों

और पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों से पुष्टि हुई इसमें दो पाक रेंजरों सहित तीन सिविलियन और दस मवेशी भी मारे गए थे।

कांस्टेबल जय किशन ने गंभीर रूप से घायल होते हुए भी पाक गोलीबारी का जवाब देते हुए असाधारण साहस और समर्पण का प्रदर्शन किया और नाका पोजीशन को क्षतिग्रस्त करने और भारतीय भू-भाग में आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के नापाक इरादों को नाकाम कर दिया।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री जय किशन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 14.05.2011 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 74-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री वासुदेव,
उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28 नवंबर, 2008 को लगभग 12.15 बजे पुलिस अधीक्षक (आपरेशन), अनंतनाग ने श्री संजय कुमार, कमांडेंट, 40 बटालियन सी आर पी एफ को ग्राम- पंजगाम, थाना-अवंतीपुरा, जिला-अवंतीपुरा में उग्रवादियों के एक दल के मौजूद होने की सूचना दी। तुरंत ही ऑपरेशन की योजना बनाई गई और श्री अरूण कुमार मीना, 2-आई/सी की कमान के अधीन क्यू आर टी सहित कमांडेंट 40 बटालियन और लैंब अपूर्व की कमान के अधीन ए/40 की दो प्लाटूनें और पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) के साथ एस ओ जी अनंतनाग की टुकड़ियाँ स्थल की ओर चल पड़ीं, रास्ते में कमांडेंट, 40 बटालियन ने कमांड एलीफैंट संजीव सिंह के अधीन कमांडेंट 130 बटालियन को इसकी सूचना दी और कमांड डिप्टी कमांडेंट (आपरेशन)130 बटालियन, सी आर पी एफ के अधीन यूनिट क्यू आर टी भी उस गाँव के लिए रवाना हो गई। गाँव पहुँचने के बाद ए/40 बटालियन की टुकड़ियों को गाँव की घेराबंदी करने का निदेश दिया गया, जब 40 बटालियन की टुकड़ियों द्वारा घेराबंदी की जा रही थी, तभी उप निरीक्षक वासुदेव ने देखा कि दो

उग्रवादी गाँव के पिछले हिस्से की ओर से पास की घनी झाड़ियों की ओर भागने का प्रयास कर रहे थे। उप निरीक्षक वासुदेव और उनके दल, जो अभी भी क्षेत्र की घेराबंदी कर रहे थे, ने उग्रवादियों की आवाजाही को देखने के बाद दो उग्रवादियों को चुनौती दे दी। इसके प्रत्युत्तर में दोनों उग्रवादियों ने उप निरीक्षक वासुदेव और उनकी पार्टी की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। यह वह क्षण था जब उप निरीक्षक वासुदेव और अन्य सुरक्षा कार्मिकों की जिंदगी मौत के साये में आ गई। उप निरीक्षक वासुदेव और उनके दल की ओर की जा रही गोलीबारी की आड़ में दोनों उग्रवादियों ने घेराबंदी को तोड़ते हुए भागने का प्रयास किया। किंतु उप निरीक्षक वासुदेव ने अपना साहस बनाये रखा और उग्रवादियों की गोलीबारी से बचते हुए तत्परता से जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी और उग्रवादियों पर गोली चला दी। उप निरीक्षक वासुदेव की तेज एवं जल्द जवाबी कार्रवाई से भाग रहे उग्रवादी रूक गए। घनी झाड़ियों वाला क्षेत्र रणक्षेत्र में तब्दील हो गया और लगभग 30 मिनट तक दोतरफा गोलीबारी चली। उग्रवादियों ने उप निरीक्षक बासुदेव की ओर गोलीबारी जारी रखी और उनके उपर ग्रेनेड फेंका जिससे वह बाल-बाल बचे। उप निरीक्षक वासुदेव की ओर उग्रवादियों की भीषण गोलीबारी के बावजूद उन्होंने अपना संयम नहीं खोया और अदम्य साहस एवं बहादुरी का परिचय दिया तथा अपनी जान की परवाह किए बगैर उग्रवादियों पर गोली चलाते रहे जिसके परिणामस्वरूप रहीस अहमद वागे- एल ई टी (पंजगाम निवासी) और अबू तलहा-एलईटी (पाकिस्तान निवासी) नामक दो उग्रवादी मारे गए। इस आपरेशन के दौरान एके-47 राइफल-02, मैगजीन-04, राउन्ड 22 एवं वायरलेस सेट-01 बरामद किए गए। 112/130/185 बटालियन, सी आर पी एफ/एस ओ जी अनंतनाग/55 आर आर एवं अवंतीपुरा पुलिस की टुकड़ियों ने भी क्षेत्र की घेराबंदी करके अहम भूमिका निभाई जिसके परिणामस्वरूप उग्रवादी भाग नहीं पाए।

इस मुठभेड़ में श्री वासुदेव, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28/11/2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 75-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

01. मोहम्मद लतीफ, कांस्टेबल
02. खुर्शीद अहमद, कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23/04/2010 को सायं करीब 5.10 बजे, उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय स्रोत से प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर थाना: गंडोह, जिला डोडा (जम्मू एवं कश्मीर) में मनोई वन क्षेत्र के पास मुकरूलू में सिविल पुलिस, एस टी एफ, 26 आर आर, 76 बटालियन, सी आर पी एफ एवं 151 बटालियन, सी आर पी एफ द्वारा एक योजनाबद्ध संयुक्त अभियान शुरू किया गया। तलाशी के दौरान उग्रवादियों ने अचानक अत्याधुनिक हथियारों से सुरक्षा बल के दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बल के दल ने भी जवाबी कार्रवाई की, किंतु दल ठीक उस स्थान तक नहीं पहुँच सका जहाँ उग्रवादी छिपे हुए थे। इस प्रक्रिया के दौरान, दल ने क्षेत्र की घेराबंदी की, हालाँकि इस समय तक सूर्यास्त हो गया था और अंधेरा छाने लगा था। इस स्थिति को देखते हुए, कांस्टेबल/जीडी मोहम्मद लतीफ एवं कांस्टेबल/जीडी खुर्शीद अहमद ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बगैर साहस से काम लिया और उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर धावा बोल दिया एवं इस पर रोशनी भी कर दी। उन्होंने उग्रवादियों के साथ गोलीबारी भी की। उनकी सावधानी एवं सूझ-बूझ के कारण सुरक्षा बलों ने अंधेरे में भी उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर की गई रोशनी की सहायता से ठीक उनके छिपने के स्थान पर गोली चलाई। इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो कट्टर हिजबुल मुजाहिद्दीन उग्रवादी नामत: तनवीर अहमद, पुत्र-शमसदीर निवासी, शोरन, मनोई गंडोह एवं यवर अजीज कोड अबू तोफील अंसारी पुत्र-शमसडिंग, निवासी शोरन, मनोई, गंडोह एवं यवर अजीज कोड अबू तोफल अंसारी पुत्र अब्दुल अजीज निवासी जकियास, गंडोह मारे गए और निम्नलिखित अस्त्र, गोला बारूद तथा सामान बरामद किए गए:-

एके-56 राइफल	-	1
एके मैगजीन	-	3
एके लाइव राउन्ड	-	28
चीनी पिस्तौल, मैगजीन सहित	-	1
डायरी	-	1

इस मुठभेड़ में श्री मोहम्मद लतीफ, कांस्टेबल एवं खुर्शीद अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 23.04.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 76-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नवल सिंह,
उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में दिनांक 5.10.2010 को विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त एवं एस डी पी ओ माहोर, जिला रीयसी द्वारा तैयार की गई सूचना के आधार पर 126 बटालियन के एस आई/जीडी नवल सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त घेराबंदी/तलाशी अभियान, थाना-माहोर, जिला- रीयसी के क्षेत्राधिकार में पथरिया, बोकार नार में पुलिस दल, 126 बटालियन, सी आर पी एफ द्वारा चलाया गया था । तलाशी के दौरान, उग्रवादियों ने घने जंगल की ओर से अत्याधुनिक हथियारों से पुलिस दल पर अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एस आई/जी डी नवल सिंह ने एक सच्चे सिपाही की तरह अपनी जान की परवाह किए बगैर जवाबी गोलीबारी की। उक्त एस. ओ. उग्रवादियों की भीषण गोलाबारी के बीच छिपने के स्थान की ओर बड़ी ही युक्ति से आगे बढ़ा और बेहतर मोर्चे पर पहुँचने के बाद उग्रवादियों पर गोलीबारी की और दोनों उग्रवादियों को ढेर कर दिया। मृत उग्रवादियों की बाद में एच एम उग्रवादी मुस्ताक अहमद उर्फ कमांडो उर्फ इरफान (स्वयंभू जिला कमांडर) हिजबुल मुजाहिद्दीन, पुत्र जमालदीन, निवासी लार, थाना/तहसील-माहोर, जिला- रीयसी (जम्मू व कश्मीर) के रूप में पहचान की गई। उनके कब्जे से निम्नलिखित अस्त्र/गोला बारूद एवं अन्य सामान भी प्राप्त हुए:-

i)	एके -56 राइफल	- 2
ii)	एके मैगजीन	- 4
iii)	एके 56 लाइव राउन्ड	- 90
iv)	वायरलेस सेट	- 1
v)	बायनोकूलर	- 1
vi)	मोबाइल नोकिया 2700	- 1
vii)	मोबाइल जी-5	- 1
viii)	पाउच	- 1
ix)	पॉकेट डायरी	- 1
x)	डायरी	- 1

इस मुठभेड़ में श्री नवल सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 5/10/2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 77-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संजय कुमार सिंह,
निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

रेनिया क्षेत्र में पी एल एफ आई गुटों की मौजूदगी के बारे में ऑपरेशन संबंधी सूचना प्राप्त होने पर श्री बी के शर्मा, कमांडेंट-133 बटालियन एवं श्री प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक खूंटी ने दिनांक 4/7/2008 को एक अभियान की योजना बनाई। अभियान संबंधी योजना के अनुसार रेनिया, थाना-खूंटी के प्रभारी अधिकारी सहित निरीक्षक संजय कुमार सिंह की कमान के अधीन 35 कर्मियों वाली जी/133 की दो प्लाटूनें एवं कामदारा, थाना गुमला के सिविल पुलिस घटक दिनांक 5/7/2008 को करीब 02.30 बजे छापा एवं तलाशी ड्यूटी के लिए चल पड़े। रेनिया से लगभग 20 किमी. की दूरी तय करने के बाद, करीब 04.30 बजे जब दल कोयलागढ़ गाँव के पीछे एक पहाड़ी के पास पहुँचा तो दल को पहाड़ी की चोटी पर कुछ फुसफुसाहट सुनाई पड़ी। दल को पहाड़ी की चोटी पर नक्सलों के मौजूद होने का संदेह हुआ। संजय कुमार सिंह ने तुरंत उस क्षेत्र की पूर्व निर्धारित संकेतों से घेराबंदी करने की योजना बनाई। पुलिस दल ने क्षेत्र की घेराबंदी की और छापा दल ने निरीक्षक संजय कुमार सिंह की कमान में पहाड़ी की चोटी पर चढ़ना शुरू कर दिया। संदेहास्पद नक्सलियों ने अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। दल ने शीघ्र ही मोर्चा संभाल लिया और दृढ़ता से जवाबी गोलीबारी की। दो तरफा गोलीबारी लगभग आधे घंटे चली। निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने पहल करते हुए संकल्प के साथ आगे से दल को नेतृत्व किया और गोलीबारी को कारगर ढंग से नियंत्रित किया। इस प्रक्रिया में निरीक्षक संजय कुमार सिंह की बायीं कोहनी में गोली लगी किंतु अपनी चोट की परवाह किए बगैर अनुकरणीय साहस और कार्य के प्रति निष्ठा का परिचय देते हुए आगे से अपने दल का नेतृत्व किया जिससे नक्सलियों को पीछे हटने के सिवाय कोई विकल्प नहीं था। मुठभेड़ रूकने के बाद घायल निरीक्षक संजय कुमर को प्राथमिक उपचार के लिए घटना स्थल से तोरपा अस्पताल ले जाया

गया। उसके बाद उन्हें आगे उपचार के लिए चॉपर से अपोलो अस्पताल राँची ले जाया गया । इसी बीच, कमांडेट बी.के. शर्मा, सहायक कमांडेंट आर.के. सिंह के साथ और अधिक सुरक्षा कर्मियों एवं अस्त्रे के साथ मौके पर पहुँचे। क्षेत्र की पूरी तलाशी के उपरांत एक शव पाया गया जिसकी पहचान नक्सल (पी एल एफ आई), सलमान होरो, आयु 25 वर्ष, निवासी, चलांगी, थाना-लापुंग के रूप में की गई। दो अन्य नक्सली काडरों नामत: दुर्गा सिंह, आयु 19 वर्ष, निवासी, जरिया, थाना-लापुंग एवं नीलू टोपनो, आयु-15 वर्ष, निवासी-पासम,थाना-रेनिया को गिरफ्तार किया गया। दो 9 एम एम पिस्तौल (इटली में बना हुआ), 9 एम एम पिस्तौल की 4 मैगजीन, दो 7.62 एम एम बोल्ट एक्शन राइफल, 7.62 एम एम बोल्ट एक्शन राइफल की 01 मैगजीन, 7.62 एम एम के 52 लाइव राउन्ड, 9 एम एम के 17 लाइव राउन्ड, 315 बोर के 12 लाइव राउन्ड, 9 एम एम का एक खोखा, 7.62 एम एम के 02 खोखे, बेल्ट सहित पिस्तौल का एक होलस्टर, 2 बंदोलियर, 3 मोबाइल सेट्स (नोकिया), नकद 9900 रू, पी एल एफ आई के 2 लेटर पैड, पी एल एफ आई के 25 पैम्फलेट, 4 प्रस्तावना पुस्तकें एवं एक बूस्टर, जिसका प्रयोग बारूदी सुरंग विस्फोट में किया जाता है, भी बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री संजय कुमार सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 5/7/2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 78-प्रेज/2012- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. गंगा राम नाथ,
हेड कांस्टेबल

02. जुगल चन्द्र नाथ,
कांस्टेबल

03. इंदुकुरू पवन कुमार,
कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20/10/2008 को एफ/170 बटालियन सी आर पी एफ की दो टुकड़ियों और बी/170 बटालियन सी आर पी एफ की तीन टुकड़ियों को एस आई/जी डी खालिद अहमद की कमान के प्रभार में मुडकपाल कैम्प से भोपालपटनम तक बी आर ओ की सुरक्षा ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। तदनुसार, टुकड़ियाँ, सड़क के बायीं ओर से भोपालपटनम की दिशा में आगे बढ़ रही थीं। जब टुकड़ियों ने पैदल लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी तय कर ली थी, तब करीब 11.45 बजे नक्सलियों ने सड़क के दायीं ओर से टुकड़ियों पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। टुकड़ियों ने भी जवाबी गोलीबारी की। लगभग 10-15 मिनट के बाद, नक्सलियों ने दोबारा टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया।

उक्त घटना में एचसी/जीडी जी.आर. नाथ, जिन्हें टुकड़ी संख्या 2 का टुकड़ी कमांडर बनाया गया था, को समुचित कवर/आश्रय नहीं मिल पाया था और नक्सलियों द्वारा चलाई गई एक गोली उनके दाएँ जंघे पर लग गई जिसके परिणामस्वरूप उनके शरीर से रक्त बहना शुरू हो गया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे लगभग एक घंटे तक नक्सलियों पर गोलीबारी करते रहे और नक्सलियों को अपने पास नहीं आने दिया। इसी समय नक्सलिनयों ने उनके पास एक ग्रेनेड से विस्फोट कर दिया, जिसमें उनकी बायीं आँख, सिर, चेहरे पर बायीं ओर, गर्दन, बाएं हाथ और बायीं पसलियों पर गंभीर चोटें आईं। बुलेट और ग्रेनेड से घायल होने के बाद भी वे तब तक गोलीबारी करते रहे जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गये। तथापि, उनकी बहादुरी से नक्सलियों द्वारा अस्त्र एवं गोला-बारूद छीने जाने से बच गया। इस प्रकार, एचसी/जीडी/ जी.आर. नाथ ने अदम्य शौर्य, साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

चूँकि नक्सली अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे, इसलिए कांस्टेबल/ जीडी जुगल चंद्र नाथ, जो एक वृक्ष के पीछे राइफल-6 का मोर्चा संभाले हुए थे, ने नक्सलियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। एक नक्सली छिपकर उपर्युक्त कांस्टेबल/जीडी की ओर बढ़ने लगा। इसे देखकर उक्त कांस्टेबल/जीडी ने इस नक्सली पर 2-3 राउन्ड गोली चलाई। उपर्युक्त कांस्टेबल/जीडी की ओर बढ़ रहे नक्सली ने 3-4 और नक्सलियों को इशारे से बुलाया और उपर्युक्त कांस्टेबल/जीडी की ओर बढ़ने लगा। तथापि, कांस्टेबल/जीडी जुगल चंद्र नाथ ने तुरंत अपनी ओर आ रहे 3-4 नक्सलियों पर गोली चला दी। एक नक्सली तुरंत ही मौके पर ढेर हो गया। उसके बाद वह मृत पाया गया तथा बारह बोर वाली एक राइफल उससे बरामद की गयी। कांस्टेबल/जीडी जुगल चंद्र नाथ ने जवाबी गोलीबारी की तथा नक्सलियों द्वारा अस्त्रों एवं गोला बारूदों को ले जाने से बचाया तथा इस प्रकार अदम्य शौर्य, साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

नक्सलियों की ओर से हो रही अंधाधुंध गोलीबारी को देखकर कांस्टेबल/जीडी आई. पवन कुमार, जो राइफल संख्या 3 का मोर्चा संभाले हुए थे, ने तुरंत ही दूसरे वृक्ष के पीछे आड़ ली

और कांस्टेबल/जीडी नीरज शर्मा के साथ मिलकर नक्सलियों पर गोली चलाना शुरू कर दिया। कांस्टेबल/जीडी आई. पवन कुमार ने एल एम जी संभाले कांस्टेबल/जीडी नीरज शर्मा से स्वचालित मोड से गोलीबारी करने के लिए कहा किंतु एल एम जी का स्वचालित मोड उस समय काम नहीं कर रहा था, इसलिए उन्होंने केवल एक ही राउन्ड गोली चलाई। उसी समय उन्होंने देखा कि कुछ वर्दीधारी नक्सली उनकी ओर बढ़ रहे थे। नक्सलियों ने कवर के पीछे स्वयं को छिपा लिया था और उनकी ओर गोलीबारी शुरू कर दी। उस व्यक्ति ने भी नक्सलियों पर जवाबी गोलीबारी की और नक्सलियों को उनकी ओर नहीं आने दिया। अचानक ही नक्सलियों ने एक ग्रेनेड फैंका, जो उनके पास गिरा। ग्रेनेड का बेस प्लग कांस्टेबल/जीडी आई. पवन कुमार की दायीं आँख के नीचे लगा और छिटककर लगी चोट के कारण उनके चेहरे और आँख से रक्त बहने लगा। तथापि वे अपने साथी के साथ नक्सलियों पर गोलीबारी करते रहे। उन्होंने अनुकरणीय साहस और बहादुरी का परिचय दिया तथा अपनी चोट एवं जिंदगी की परवाह किए बगैर वीरतापूर्ण कार्य किया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री गंगा राम नाथ, हेड कांस्टेबल, जुगल चन्द्र नाथ, कांस्टेबल और इन्दुकुरू पवन कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 20/10/2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 79-प्रेज/2012-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. प्रकाश रंजन मिश्रा,
    सहायक कमांडेंट
02. राम चन्द्र,
    हेड कांस्टेबल
03. सुरजीत सिंह
    कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

थाना-बिष्णुगढ़, जिला- हजारीबाग के अंतर्गत तिलैय्या गांव में सी पी आई माओवादियों द्वारा शहादत दिवस के आयोजन के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने के बाद आपरेशन रेड नामक एक विशेष आपरेशन कोड की योजना बनाई गई। योजना के अनुसार, श्री पी.आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट (अब डिप्टी कमांडेंट), ओ सी-डी/22 की कमान के अधीन डी/22 बटालियन, सी आर पी एफ को दो शक्तिशाली प्लाटूनें दिनांक 28/07/08 को लगभग 1600 बजे उस क्षेत्र की ओर रवाना हुईं। सौंपें गए कार्य को करने के लिए डी/22 की टुकड़ियों को तीन समूहों मे बाँटा गया। डी/22 बटालियन की टुकड़ियों के साथ-साथ, ए/22 बटालियन को भी नारकी गाँव में तैनात किया गया ताकि डी/22 की आवाजाही के बारे में नक्सलियों को भ्रमित किया जा सके। दूसरी ओर डी/22 ने निर्धारित समय की योजना अनुसार लक्षित क्षेत्र तक पहुँचने के लिए कई नक्सलियों का सामना करके घोर अँधेरे और भारी बारिश में घने पेड़-पौधों से होकर कच्चे रास्ते पर पैदल लगभग 10 किमी. की दूरी तय की। चूँकि श्री पी.आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट, नक्सलियों की कार्य प्रणाली से अच्छी तरह परिचित थे, जो समान्यतया उनके कैम्पों की दिशा में आने वाले मार्गों, छिपने के स्थान पर घात लगाते हैं और बारूदी सुरंग बिछाते हैं, इसलिए वे घने जंगल से होकर दुर्गम क्षेत्रों एवं अप्रत्याशित मार्गों पर अपने दल के साथ आगे बढ़े। पूरा दल घोर अंधेरे में तिलैय्या गांव के पास पहुँचा और रोशनी एवं ध्वनि की व्यवस्थाओं से स्पष्ट पता चल गया था कि नक्सलियों का समारोह चल रहा है। नक्सलियों को पूरी तरह आश्चर्य में डालने के लिए दल समारोह स्थल के और अधिक निकट तक गया ताकि स्थिति का आकलन किया जा सके तथा छापे के लिए कार्रवाई करने का आधार स्थापित कर लिया। वास्तविक स्थिति और आगे की जाने वाली कार्रवाई के बारे में श्री पी. आर. मिश्रा ने दूरभाष पर कमांडेंट-22 बटालियन एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को सूचित किया। भेजे गए दलों को अवरोध एवं सुरक्षित दल के रूप में तैनात किया गया तथा छापा दल कई नक्सली संतरियों को धोखा देकर नक्सलियों के और पास आ गया तथा समारोह स्थल में प्रवेश किया। स्थिति का विश्लेषण करने के बाद, छापा दल ने मोर्चा बदल लिया और अपनी जान को पूरी तरह जोखिम में डालते हुए रेंगकर लक्ष्य क्षेत्र की ओर अधिक नजदीक आ गया क्योंकि नक्सलियों की गोलीबारी से बचने के लिए कोई कवर नहीं था। छापा दल अत्यधिक धैर्य एवं जोखिम के साथ, समारोह में मौजूद 300 से अधिक ग्रामीणों के वहाँ से हटने का इंतजार करता रहा। समारोह खत्म होने के बाद ग्रामीण वहां से हटे और उसके बाद नक्सली क्रियाकलाप और अधिक स्पष्ट हो गए। करीब 2315 बजे, चार नक्सलियों के एक समूह, जो गाँव की ओर आ रहे थे, ने शायद टुकड़ियों की मौजूदगी को भांप लिया। उसके बाद, ये चार नक्सली छापा दल की दिशा में मुड़े और बहुत सतर्कता से तलाशी शुरू कर दी। उनकी जान को अत्यधिक जोखिम होने के बावजूद श्री पी. आर. मिश्रा की कमान में छापा दल ने उच्च कोटि का आत्म अनुशासन दिखाया तथा संभावित दोतरफा गोलीबारी से सिविलियनों को बचाने के लिए बहुत ही धैर्यपूर्वक नक्सलियों को अपनी ओर आते देखता रहा। तथापि, नक्सलियों को टुकड़ियों की मौजूदगी का पता चल गया था और वे चिल्ला उठे, पुलिस,

मारो और छापा दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। चूँकि श्री पी.आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट छापा समूह के आगे थे, इसलिए कई गोलियों की बौछार उनके उपर से निकल गयी, किंतु वे बाल-बाल बच गये। सिविलियनों को हताहत होने से बचाने के लिए श्री पी. आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट अपनी जान को जोखिम में डालकर बिना किसी जवाबी हमले के गोलियों की बौछार के बीच नक्सलियों की ओर बढ़ते रहे। साथ ही उन्होंने छापा दल के अन्य सदस्यों को गोलीबारी के विरूद्ध कवर प्रदान करके उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए कहा ताकि वह गोलीबारी कर रहे नक्सलियों के और अधिक पास पहुँच सके। एचसी/जीडी राम चन्द्र ने छापा समूह के 3 कार्मिकों के साथ गोलीबारी के विरूद्ध कवर प्रदान किया और श्री पी. आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट और उनके पीछे कांस्टेबल/जीडी सुरजीत सिंह बिल्कुल प्रतिकूल स्थितियों में उत्कृष्ट/अनुकरणीय साहस एवं बहादुरी दिखाते हुए उन नक्सलियों के समूह की ओर रेंगते हुए आगे बढ़े जो गोलीबारी कर रहे थे। भीषण गोली-बारी वाले क्षेत्र के बीच बहुत ही नजदीक पहुँचने के बाद, श्री पी. आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट ने एक पुरूष नक्सली जो कमांडर प्रतीत हो रहा था और एक महिला नक्सली पर कई राउन्ड गोली चलाई। उन दोनों को श्री पी. आर. मिश्रा द्वारा की गई गोलीबारी से कई गोलियां लगीं और वे चिल्लाने लगे। इसके उपरांत, एक और महिला नक्सली को छापा दल द्वारा मार गिराया गया। श्री पी.आर.मिश्रा, सहायक कमांडेंट ने गोलियों से सिविलियनों को बचाने के लिए नक्सलियों पर गोलीबारी करते हुए पूरी सावधानी बरती। कई अन्य नक्सलियों ने भीषण गोलीबारी करके छापा दल के पास पहुँचने का प्रयास किया, किंतु छापा दल को हताहत करने में असफल रहे। नक्सलियों ने अगले दिन सुबह 0400 बजे तक गोलीबारी जारी रखी। संपूर्ण अभियान में मौत श्री पी.आर. मिश्रा सहायक कमांडेंट एवं कांस्टेबल/जीडी सुरजीत सिंह के आस-पास मंडराती रही जो कई गोलियों से बच गए। यह सच है कि छापा दल और अवरोधक दलों द्वारा जवाबी कार्रवाई के कारण कुछ और नक्सली गोलियां लगने से घायल हुए थे, किंतु वे घोर अंधेरे की आड़ में भागने में सफल हो गए। छापा दल बिल्कुल असुरक्षित था क्योंकि अलग-अलग दिशाओं से नक्सली उन पर गोलीबारी कर रहे थे किंतु श्री पी. आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट का अपने दल एवं फायर पावर पर पूरा नियंत्रण था। तथापि, वे सर्वाधिक असुरक्षित स्थान पर थे और किसी भी समय उसकी जान जा सकती थी किंतु उन्होंने कभी भी अपना धैर्य नहीं खोया एवं पूरी मुठभेड़ के दौरान अत्यन्त साहस का परिचय दिया। इस अभियान में श्री पी. आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट, एचसी/जीडी राम चन्द्र एवं कांस्टेबल/जीडी सुरजीत सिंह ने अपनी जान को जोखिम में डालकर अनुकरणीय साहस एवं अदम्य बहादुरी का परिचय दिया। श्री पी. आर. मिश्रा द्वारा दिखाए गए समर्पण, प्रतिबद्धता एवं नेतृत्व गुणों से आपरेशन रेड सफल हुआ जिसमें निम्नलिखित खतरनाक नक्सल कमांडर एवं झारखंड राज्य के कट्टर काडरों को उनके गढ़ में घुसकर मार गिराया गया।

i) कट्टर नक्सल निरंजन माँझी उर्फ चंदु मॉझी- उप जोनल कमांडर-30 वर्ष
ii) कट्टर नक्सल- नमिता मॉझी-25 वर्ष
iii) कट्टर नक्सल-ललिता माँझी उर्फ ममता-20 वर्ष

बरामदगी:-

क्रम सं.	अस्त्र/गोला बारूद एवं सामान का नाम	बरामद मदों की संख्या
01	7.62 एमएम एस एल आर	01
02	.303 बोल्ट एक्शन राइफल	02
03	7.62 एस एल आर मैगजीन	03
04	303 बोल्ट एक्शन मैगजीन	02
05	7.62 एमएम गोला बारूद	205 राउन्ड
06	303 गोला बारूद	102 राउन्ड
07	वायरलेस सेट	01
08	पिठू	04
09	भारतीय करेंसी रू. में	65000/-
10	महेंद्रा जीप, पंजीकरण सं. एम एच 06-डब्ल्यू 908	01
11	जनरेटर सेट 1.1 किलोवाट	01
12	एम्लीफायर	01
13	लाउडस्पीकर वायर	01
14	नक्सल बैनर एवं झंडे	158
15	7.62 एमएम चार्जर क्लिप	34
16	303 चार्जर क्लिप	10

इस मुठभेड़ में सर्वश्री प्रकाश रंजन मिश्रा, सहायक कमांडेट, राम चन्द्र, हेड कांस्टेबल और सुरजीत सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28/07/2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 80-प्रेज/201-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एस. सलीम कुमार, सहायक कमांडेंट (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
2. नजीमुद्दीन हसीनुद्दीन, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. सतेन्द्र यादव, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. दिनेश कुमार, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

